


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 58 | ग्वालियर मंगलवार 29 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## अब खुले में कूड़ा फेंकना पड़ेगा महंगा, रहेगी तीसरी आंख की नजर, लगेगा मोटा जुर्माना



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत ही काशी के गंगा घाट पर फावड़ा चलाकर और काशी की गलियों में खुद झाड़ू लगाकर की थी. इस अभियान का असर भी नजर आया, लेकिन अब भी लोग खुले में कूड़ा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं, इसलिए अब नगर निगम ने खुले में कूड़ा फेकने वालों पर दो हजार कैमरे से निगाह रख रही है और खुले में कूड़े फेंकने वालों पर एक लाख तक जुर्माना भी लग सकता है.स्वच्छ भारत अभियान का अगुवा रहा बनारस अब लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए तीसरी आंख का सहारा ले रहा है. पूरे शहर में लगे दो हजार कैमरे की मदद से खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर खास निगाह रखी जा रही है. वाराणसी के नगर स्वास्थ्य अधिकारी एनपी सिंह का कहना है कि इन कैमरों की मदद से हम काशी के हर इलाकों में नजर रख रहे हैं. साथ ही नगर निगम की टीम भी मुस्तैद है और कैमरे में जो भी खुले में कूड़ा फेंकता हुआ नजर आएगा, उसका ऑनलाइन चालान भी किया जाएगा. नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने ये भी कहा कि जो चेतावनी के बाद भी खुले में कूड़ा फेंक रहा है, उसके खिलाफ एक लाख रुपये तक जुर्मना के साथ विधिक कार्रवाही भी की जाएगी.वाराणसी के नगर स्वास्थ्य अधिकारी एनपी सिंह कहते हैं कि हमने जागरूक करने की पहल भी शुरू कर रखी है पर कुछ जगहों पर कड़ाई बेहद जरूरी है, क्योंकि इसके बिना लोग मानने को तैयार नहीं हैं. साथ ही वाराणसी नगर निगम भी 1 से 3 दिसंबर तक लागतार 75 घंटे स्वच्छता अभियान भी चलाएगा, जो जनता के लिए भी एक उदहारण होगा.वाराणसी की जनता भी नगर निगम की इस पहल को सही ठहरा रही है. वाराणसी के अस्सी इलाके में रहने वाले पीयूष आचार्य का कहना है कि जो लोग जानबूझ कर शहर को गंदा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, पर नगर निगम को भी अपनी ड्यूटी निभानी होगी तब ही शहर और अभी स्वच्छ और सुगम नजर आएगा.

# ज्ञानवापी परिसर सर्वे मामले में पूरी हुई बहस, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली ।**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर का भारतीय पुरातत्व विभाग से सर्वे कराने के वाराणसी की अदालत के आदेश व सिविल वाद की वैधता को लेकर दाखिल याचिकाओं पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है. साथ ही फैसला आने तक सर्वे कराने के वाराणसी की अदालत के आदेश पर लगी रोक बढ़ा दी है. सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड व अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिकाओं की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे हैं. याची अधिवक्ता पुनीत कुमार गुप्ता का कहना था कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991की धारा 4के तहत सिविल वाद पोषणीय नहीं है.स्थापित कानून हैं कि कोई आदेश पारित हुआ है और अन्य विधिक उपचार उपलब्ध नहीं है तो अनुच्छेद 227 के अंतर्गत याचिका में चुनौती दी जा सकती है. वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी ने गुप्ता की बहस को अपनाया लिया. कोर्ट ने कहा दोनों अधिवक्ता 227 मे याचिका दाखिल करने के पक्ष में कोई कानून नहीं दिखा सके. विपक्षी मंदिर पक्ष के अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन,विजय शंकर रस्तोगी का कहना था कि भगवान



विश्वेश्वर स्वयं भू भगवान है. प्रकृति प्रदत्त है. मानव द्वारा निर्मित नहीं है. उन्होंने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के एम सिद्दीकी बनाम महंत सुरेश दास व अन्य केस के फैसले का हवाला दिया.उन्होंने कहा मूर्ति स्वयं भू प्राकृतिक है. इसलिए प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट की धारा 4 इस मामले में लागू नहीं होगी. वैद्यनाथन का कहना था कि आदेश 7 नियम 11 सिविल प्रक्रिया संहिता की अर्जी वाद के तथ्यों पर ही तय होगी. सिविल वाद में लिखा है कि स्वयं भू विश्वेश्वर नाथ मंदिर सतयुग से है. 15 अगस्त 1947 से पहले और बाद में लगातार निर्बाध रुप से पूजा की जा रही है. याची का यह कहना कि कोई स्वयं भू भगवान सतयुग में नहीं था ,इसका निर्धारण साक्ष्य से ही हो सकता है. यह भी तर्क था कि वाराणसी अदालत के आदेश के खिलाफ याची की पुनरीक्षण अर्जी खारिज हो गई है. कोर्ट ने आपत्ति को पोषणीय नहीं माना.


## आफताब की पुलिस वैन पर तलवारों से हमला, पुलिस ने की हवाई फायरिंग

**नई दिल्ली।**श्रद्धा वॉल्कर मर्डर केस को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है. दिल्ली पुलिस ने सोमवार को फिर आरोपी आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट पुलिस ने हमलावरों को वैन से पीछे हटाते हुए हवाई फायरिंग की. पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है. यह घटना रोहिणी की से आरोपी को तिहाड़ जेल ले जा रही थी. इसी दौरान श्रद्धा की हत्या से गुस्साए 4-5 लोग तलवार और हथौड़ा लेकर पहुंचे और पुलिस की वैन पर




कराया. पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद स्नस्रुलैब से निकलते ही कुछ लोगों ने तलवारों से आफताब की पुलिस वैन पर हमला कर दिया. इसके बाद लैब के बाहर की है. पुलिस ने तीसरे दिन सोमवार को शातिर आरोपी आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया. इसके बाद पुलिस देर रात अपनी वैन तलवारों से हमला बोल दिया. इस पर पुलिस ने तुरंत ही वैन के पीछे वाला दरवाजा बंद कर लिया, जहां आफताब को बैठाया गया था.

## कबाड़ में तब्दील होंगे 15 साल पुराने वाहन, नितिन गडकरी ने की घोषणा



**नई दिल्ली-** देश में बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर एक बार फिर केन्द्र सरकार गंभीर हो गई है. एक कार्यक्रम में बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी स्वयं कहा है कि स्क्रैप पॉलिसी को लेकर अब सरकार गंभीर है. किसी भी सूरत में 15 साल पुराने वाहनों को सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा. साथ ही कहा कि रजिस्ट्रेशन को रिन्यूअल कराने के लिए 8 गुणा तक चार्ज देना होगा. आपको बता दें कि केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एग्रो विजन कृषि प्रदर्शनी में अपने विचार रख रहे थे. उन्होने बताया इस संबंध में राज्यों को भी अवगत करा दिया गया है.केन्द्रीय मंत्री ने कृषि प्रर्दशनी के अवसर पर बोलते हुए कहा कि उन्होने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में स्क्रैप पॉलिसी संबंधी फाइल पर भी हस्ताक्षर किये हैं. ताकि पॉलिसी को गंभीरता से लागू किया जा सके. साथ ही उन्होने राज्यों से भी पॉलिसी को अपनाने की अपील की है. हालाकि दिल्ली एनसीआर से कितनी दूर तक पॅलिसी को प्रमुखता से लागू कराया जाएगा. इसके बारे अभी कुछ साफ नहीं किया है. लेकिन बढ़ते प्रदूषण से सरकार बहुत चिंतित है. इसलिए अब 15 साल पुराने वाहन चलाने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं.

**5000 रुपए शुल्क तय-**पॉलिसी के तहत जिन वाहन संचालकों के वाहनों की उम्र 15 साल पूरी कर चुकी है. उन्हें आरसी रिन्यू कराने के लिए लगभग 8 गुणा चार्ज संबंधित आरटीओ ऑफिस में जमा करना होगा. इसके लिए चार पहिया वाहनों के लिए 5000 और दो पहिया वाहनों के लिए 1000 रुपए चार्ज फिक्स करने की भी बात चल रही है. वहीं किन-किन राज्यों में पॉलिसी को प्रमुखता से लागू किया जाना है . इसके बारे अभी कुछ साफ निर्देशन नहीं मिला है.

## न्यूज ट्रैक

### पहाड़ों की बर्फबारी से बढ़ी सर्दी, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब



**नई दिल्ली।**दिल्ली-एनसीआर में जहां वायु प्रदूषण का स्तर बहुत ही खराब कैटेगरी में है तो वहीं पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है. बर्फबारी से सर्दी बढ़ गई है. अगर दिल्ली के बार्डर से सटे इलाकों को छोड़कर गौर करें तो उत्तर प्रदेश के कई शहरों में मौसम बिल्कुल साफ है. इन शहरों की हवा की गुणवत्ता काफी बेहतर है. पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड बड़ गई है. ठंड के साथ दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में लगातार बड़ता प्रदूषण और खराब विजिबिलिटी चिंता बड़ा रही है. अब लोग सुबह और शाम के वक्त ठिठुरन महसूस कर रहे हैं और धुंध छाई रहती है. साथ ही इस हफ्ते तापमान में गिरावट देखी जा रही है. रविवार की सुबह दिल्ली का ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स 319 पर दर्ज किया गया, जो पीएम 2.5 की कैटगेरी में आता है. वहीं, नोएडा में भी 353 है, जोकि पीएम 2.5 के साथ बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है. एयर क्वालिटी इंडेक्स तो गुरुग्राम में भी 312 के साथ बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुआ

### गुजरात के रण में सैकड़ों करोड़पति उम्मीदवार




गुजरात में किसकी होगी अगली सरकार इस सवाल के जवाब में अब ज्यादा दिन का वक्त नहीं रह गया है. दिसंबर 8 को इस बात का फैसला हो जाएगा कि गुजरात का अगला बॉस कौन होगा. हालांकि इससे पहले मतदान को लेकर भी राजनीतिक दलों की ओर से ताबड़तोड़ प्रचार किया जा रहा है. भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक सभी दल अपनी-अपनी जीत के लिए जमीनी स्तर पर जुटे हुए हैं. यही नहीं चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इस बार गुजरात चुनाव के दो चरणों में मतदान हो रहा है. पहले चरण का मतदान 1 दिसंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण का 5 दिसंबर को.चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले उम्मीदवारों में बड़ी संख्या में करोड़पति कैंडिडेट्स भी शामिल हैं. इस बार चुनाव में एक दो नहीं बल्कि 200 से ज्यादा करोड़पति प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं. आइए जानते हैं कि, इस बार चुनाव में कितने करोड़पति प्रत्याशी हैं

### पीएम मोदी गुजरात में आज करेंगे चार चुनावी रैलियां

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में 4 चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी आज भावनगर के पलिताना , कच्छ के अंजार में रैलियों को संबोधित करेंगे. इसके अलावा जामनगर और राजकोट ( में भी पीएम मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे. बता दें कि गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में चुनाव प्रचार अब आखिरी दौर में पहुंच गया है. यहां दो चरणों में 1 दिसंबर और 5 दिसंबर को मतदान कराए जाएंगे. बता दें कि पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार में कांग्रेस को निशाने पर रखा है. उन्होंने रविवार को कांग्रेस की लीडरशिप पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आतंकियों को भी अपना वोट बैंक मानती है.

# ग्वालियर पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शहर व देहात क्षेत्र में किया “कांबिंग गश्त”

**कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने दो सैकड़ा से अधिक अपराधियों पर की कार्यवाही तथा साड़े तीन सौ से अधिक गुण्डा, एचएस व आदतन अपराधियों को किया चेक, ग्वालियर पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के विभिन्न थानों में 60 स्थाई व 105 गिरफ्तारी सहित कुल 165 वारंटियों को किया गिरफ्तार, कॉम्बिंग गश्त के दौरान 359 गुण्डा एवं हिस्ट्रीशीटरों को किया गया चेक। अवैध शराब की तस्करी करने वाले, अवैध हथियार रखने वाले एवं सटोरियो व जुआरियों सहित 36 लोगों को किया गिरफ्तार**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** ग्वालियर पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर दिनांक दरमियानी रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में देर रात तक काबिंग गश्त किया गया। इस दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे, अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर(दक्षिण) श्री मोती उर रहमान, अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया, अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पश्चिम श्री गजेन्द्र वर्धमान, अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर तथा ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के ग्वालियर जिले के शहर एवं देहात क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कॉम्बिंग गश्त का जायजा लिया गया, साथ ही पुलिस द्वारा की जा रही कॉम्बिंग गश्त के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। ग्वालियर पुलिस द्वारारात्रि में ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति के तहत अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की गई। ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ थाना बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त किया जाकर फरारी ईनामी बदमाशों, वारंटियों, गुण्डों, हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चैकिंग की गई। इस गश्त के लिये पुलिस अधिकारियों द्वारा टीमें बनाकर शहर व देहात क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील इलाकों में भी गश्त की गई। इस दौरान ग्वालियर जिले में कुल 105 गिरफ्तारी वारंट, 60 स्थाई वारंट तामील कराये गये साथ ही 176 गुण्डा एवं 183 हिस्ट्रीशीटरों को चैक किया गया, साथ ही अवैध शराब की तस्करी करने वाले 27 व्यक्तियों, सट्टा के 02 प्रकरण, जुआ के 03 प्रकरण व अवैध हथियार के 04 प्रकरणों में आरोपियों को भी पकड़ा गया। इस प्रकार कांबिग गश्त के दौरान एचएस, गुण्डा को चेक कर अन्य आरोपियों पर कार्यवाही की गई। ग्वालियर पुलिस की इस कार्यवाही से जिले के बदमाशों में हडकंप देखने को मिला। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई, साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड को भी अपडेट किया गया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मौहल्लों में घूमकर पुलिस ने गुण्डे, बदमाशों की धरपकड़ की। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा शादियों के सीजन की वजह से बाजारों में होने वाली भीड़-भाड़ को दृष्टिगत रखते हुए जिले की कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग गश्त करायी गई। पुलिस टीमों द्वारा गुण्डों एवं बदमाशों के घर जाकर उनकी चैकिंग की साथ उनके द्वारा वर्तमान समय में किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को यह चेतावनी भी दी गई। कि यदि वह किसी भी अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस टीमों द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान जेल से रिहा होकर आए आरोपियों को भी चैक किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा सभी निगरानी बदमाशों तथा गुण्डों को नशे से दूर रहने की समझाइश भी दी गई। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।



# आबकारी एक्ट में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी।** खबर शिवपुरी जिले के थाना खनियाधाना से हैं जहाँ आबकारी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेज दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब विक्रेताओ के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त आदेश के पालन मे श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब विक्रेताओ के विरूध्द कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशन के पालन मे दिनांक 22.11.2022 को निरी. तिमेश छारी थाना प्रभारी थाना खनियाधाना को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई के ग्राम नदनवारा मे मुन्शी उर्फ सरदारसिह के खेत मे हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराव बनाई जा रही। उक्त सूचना पर मय फोर्स के नदनवारा का हार मुन्शी चौहान के खेत पर पहुचे तो मौके पर 05 ड्रम प्रत्येक ड्रम मे 200- 200 लीटर कुल 1000 लीटर लहान (गुड़ व महुआ) होना पाया गया जिसे मौके पर नष्ट किया गया व दो प्लास्टिक की कट्टियो मे कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराव व शराव उतारने के पांच प्लास्टिक के ड्रम , एक लोहे के ड्रम व एक एल्यूमीनियम की हाडी कुल कीमती 18000 रुपये का होना पाया गया मौके से आरोपीगण 01. संजू पुत्र मुन्शी उर्फ सरदार सिह चौहान 02. सरदार सिह उर्फ मुन्शी चौहान निवासीगण ग्राम नदनवारा थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी (म.प्र.) के विरूध्द अपराध क्र. 668/2022 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का कायम किया गया था मौके से फरारसुदा आरोपीगणो को आज दिनांक 28.11.2022 को संजू पुत्र मुन्शी उर्फ सरदार सिह चौहान 02. सरदार सिह उर्फ मुन्शी चौहान निवासीगण ग्राम नदनवारा थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी (म.प्र.) गिरफ्तार माननीय न्यायालय मे पेश गया है जो वर्तमान मे उपजेल पिछोर मे न्यायिक हिरासत मे है । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तिमेश कुमार छारी मय प्र.आर. 324 राजकुमार सेगर, आर. 363 जयवीर गुर्जर, आर. 671 रवि वाथम, आर. 621 बनवारी भिलाला, मय आर. चा. 858 सत्यवीर गुर्जर के महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



# दर-दर भटक रहे है हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का नहीं मिल पा रहा है गरीब लोगों को लाभ

संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद

नगर परिषद् रन्नौद के अंतर्गत आवास योजना के लिए दस करोड़ का फंड स्वीकृत है और पात्र हितग्राहियों के खातों मै राशि डालने का विधिवत शुभारंभ दिनांक 5 नबंबर को नगर परिषद् ने माननीय विधायक महोदय नगर परिषद् अध्यक्ष महोदया उपाध्यक्ष महोदय पार्षद सभी वार्डो के एवम सीएमओ महोदय तहसील एवम थाना प्रभारी महोदय नगर परिषद् का स्टाफ एवम भाजपा के मंडल पदाधिकारी एवम नगर के आमजन की उपस्तिथि में संपन्न हुआ था लेकिन आज दिनाक तक सभी पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि नहीं पहुंच पाई है लगभग चोबीस दिन हो चुके हैं आखिर कमी कहा है जब फंड हैं हितग्राही हैं लेकिन लापरवाही कहा है इसी के साथ नगर परिषद् द्वारा अल्फा बीटा सिस्टम को आधार बनाकर ड्ड ढ्ढ ष्ठ स्र नामों को आधार बनाकर राशि हितग्राही के खातों में डाली जा रही है उस क्रम के अनुसार भी क्रम नहीं पूरा हो रहा अनेकों नामों को बिना किसी कारण बताए जम कर छोड़ कर राशि डाली जा रही है जब नियम बनाया है तो जब तब क्रम पूरा न हो जब तक अगले नामों को क्यों लिया जा रहा है इस बात को लेकर हितग्राहियों में नगर परिषद् रन्नौद के प्रति विश्वास कम हो रहा है और हितग्राहियों द्धारा इसको लेकर लगातार मौखिक रूप से जन प्रतिनिधियों को बताया जा रहा है और नगर परिषद् रन्नौद से भी संपर्क किया जा रहा है लेकिन कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया जा रहा है इससे यह प्रतीत होता है की कहीं न कहीं तो लापरवाही हो रही है विपिन शर्मा भाजपा नेता जिला कार्य समिति सदस्य ने इस संबध में जानकारी दी और बताया की जल्द से जल्द हितग्राहियों के खातों में क्रम अनुसार राशि डाली जाएं जिससे भाजपा के जन हितैषी आवास योजना का लाभ सभी को मिल सके।

# डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोचिंग का ट्राइयल 11 दिसंबर को

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी-** खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के प्रयासों से भारत की प्रथम शासकीय राज्य महिला क्रिकेट एकेडमी का संचालन मुख्य प्रशिक्षक श्री अरुण सिंह के मार्गदर्शन में श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में किया जा रहा है। साथ ही बालकों के लिए डे बोर्डिंग स्कीम भी यहाँ संचालित हो रही है। ड़िले के क्रिकेट खिलाड़ियों को बड़ावा देने के उद्देश्य से खेल विभाग द्वारा 11 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से चयन ट्राइयल रखा गया है इसमें ड़िले के 14 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के उत्कर्ष बालक और बालिकाओं का चयन किया जाएगा। इन खिलाड़ियों को भविष्य में क्रिकेट अकेडमी में चयन हेतु तैय्यार किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी के के खरे ने बताया है की यह ड़िले क्रिकेट खिलाड़ियों को बड़ावा देने के लिए एक अच्छा अवसर है स्पोर्ट्स अब सिर्फ़ कोचिंग और प्रतियोगिता कराना नही है बल्कि टेक्निकल सब्जेक्ट पर भी ड़ोकस करना है जैसे स्किल डिवेलप, प्लेइंग टेम्परामेंट, पोस्ट ड़ीड्बैक स्ट्रैटेजी, क्वालिटेटिव और क्वांटिटेटिव अनालिसिस, बीयोमेकेनिक्स अनालिसिस और अन्य विषय। खिलाड़ियों को इनहि सब को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट कोचिंग दी जाएगी और उनका एक डेटा बेस भी बनाया जाएगा। जो खिलाड़ी इस योजना में आना चाहते वे 10 दिसम्बर को कार्यालय आके रेजिस्ट्रेशन ड़ॉर्म लेले और 11 दिसम्बर को ट्राइयल वाले दिन अपने साथ जिला खेल परिसर के क्रिकेट ग्राउंड लेके आए।

# शिवपुरी की मुस्कान ने न्यूजीलैंड में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग कामनवेल्थ में जीते 4 गोल्ड

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी** -शिवपुरी के छोटे से ग्राम मझेरा की बेटी मुस्कान शेख ने न्यूजीलैंड में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग कॉमनवेल्थ में 4 गोल्ड जीते हैं. उसने शिवपुरी के साथ ही प्रदेश का भी नाम रोशन किया है. न्यूजीलैंड के लिए इंडिया टीम का पहला ग्रुप 22 सदस्यों का 25 नवंबर को रवाना हुआ था, जिसमें ग्राम मजेरा की बेटी मुस्कान शेख भी शामिल थी. मुस्कान 2 दिसंबर को भारत लौटेगी. मुस्कान के पिता शिवपुरी के ग्राम मजेरा में पोल्ट्री फार्म चलाते हैं और वह पिछले कई वर्षो से मुस्कान के लिए मेहनत कर रहे हैं. शिवपुरी की बेटी मुस्कान शेख ने न्यूजीलैंड में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग कॉमनवेल्थ प्रतियोगिता मेंछोटे से गांव मझेरा की रहने वाली मुस्कान ᆖ मुस्कान शेख शिवपुरी जिले के छोटे से गांव मझेरा की रहने वाली हैं. उनके पिता दारा मोहम्मद पोल्ट्री फार्म व्यवसाई हैं. अपनी बेटी के साथ दारा मोहम्मद ने पूरी मेहनत की और ना केवल खुद उनके प्रशिक्षक बने, बल्कि देशभर में जहां-जहां प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, वहां वे उनके साथ जाकर उत्साहवर्धन करते रहे. जिससे मुस्कान हर प्रतियोगिता में फतह हासिल करती चली गयी. मुस्कान शेख की इस सफलता ने ना केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरी दुनिया में भारत का परचम लहरा दिया है.

**ओलंपिक 2024 की तैयारियों में जुटे मध्यप्रदेश के खिलाड़ी, दो विदेशी कोच दे रहे ट्रेनिंग- दो दिसंबर को भारत लौटेगी मुस्कान-** इससे पहले मुस्कान शेख ने अगस्त 2022 में ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग कंपटीशन में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीते थे. पॉवर लिफ्टिंग कॉमनवेल्थ गेम्स में न्यूजीलैंड के लिए इंडिया टीम का पहला ग्रुप 22 सदस्यों का 25 नवंबर को रवाना हुआ था, जिसमें ग्राम मजेरा की बेटी मुस्कान शेख भी शामिल थी. मुस्कान 2 दिसंबर को भारत लौटेगी.

# योग गुरु बाबा रामदेव देश की महिलाओं से मांगे माफी : कोमल कुमारी

स्टेट हेड झारखंड-आनन्द शाही



**हजारीबाग पुष्पांजली टुडे।** योग गुरु बाबा रामदेव के द्वारा महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सह झारखंड की चर्चित समाजसेवी कोमल राज ने विरोध जताया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी के समक्ष स्वामी रामदेव के द्वारा महिलाओं पर की गई टिप्पणी अमर्यादित और निंदनीय है। इस बयान से देश के हर वर्ग की महिलाएं आहत हुई हैं। बाबा रामदेव को अपने इस बयान को वापस लेते हुए पूरे देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए । वही कांग्रेस के दिनों में बाबा रामदेव रामलीला मैदान से महिलाओं के वेश में भागे थे ऐसे ढोंगियों को कांग्रेस पार्टी ही सबक सीखा सकती है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की पत्नी अमृता फड़णवीस के बारे में भी अनर्गल बयान देते हुए बाबा रामदेव ने कह दिया कि अमृता के अंदर जवान रहने का जुनून है ऐसी गंदी बातों पर बाबा रामदेव पर कार्रवाई नही होना आश्चर्य की बात है। जहां भाजपा गुजरात मे अपने घोषणा पत्र में महिला सशक्तिकरण और बेटियों की अच्छी शिक्षा की बात करती है, वहीं बाबा रामदेव द्वारा इस तरह की अभद्र टिप्पणी दिए जाने के बाद देश के प्रधानमंत्री का चुप रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। युवा कांग्रेस उनके इस टिप्पणी का पुरजोर विरोध करती है और उन्हें चेतावनी देती है कि अगर उन्होंने महिलाओं से माफी नही मांगा तो भविष्य में बाबा रामदेव के रांची आगमन पर प्रदेश युवा कांग्रेस उन पर कालिख पोतने का काम करेगी।

# 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री विवेक रघुवंशी के निर्देशन में जिले में फोटो निर्वाचन नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज कलापथक दल द्वारा ग्राम बड़ागांव एवं रायश्री में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बड़ागांव सरपंच सालिगराम गुर्जर, सुपेश शर्मा, रायश्री के पूर्व सरपंच चंदशेखर व्यास एवं राजेन्द्र चौहान सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। ग्राम बड़ागांव सरपंच सालिगराम गुर्जर ने कार्यक्रम के माध्यम से गांव के समस्त युवा मतदाताओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गांव के ऐसे युवक जो 18 साल की आयु पूरी कर चुके है वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिये आवेदन करें। इसके लिए 8 दिसंबर तक बीएलओ नजदीकी मतदान



केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। कलापथक दल के प्रमुख कलाकार श्री विनोद श्रीवास्तव ने भी उपस्थित ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि 8 दिसंबर 2022 तक नाम जोड़ने, हटाने, मतदाता परिचय-पत्र में संशोधन कराने के लिए आवेदन लिए जा रहे है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सभी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को अपने आसपास स्थित नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का संकल्प भी दिलाया।

# राज्य स्तरीय वुशु खेलकूद प्रतियोगिता में पाली ने जीते पदक

पुष्पांजलि टुडे
पाली राजस्थान



**रानी फालना।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडाला-फालना के शिविराधिपति व प्रधानाचार्य कविता गहलोत ने बताया कि जम्वारामगढ़, जयपुर में आयोजित 66 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पाली जिले ने दो कांस्य पदक जीते हैं। गहलोत ने बताया कि 17 वर्षीय छात्रा वर्ग के मुकाबलों में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,खुडाला-फालना की पायल कुमारी ने 36 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर फालना कस्बे का नाम रौशन किया है एवं छात्र वर्ग में जवाहर बाल मंदिर उ. मा.वि.पाली के छात्र राकेश ने कांस्य पदक जीता है। टीम के कोच, निर्णायक एवं चयन समिति सदस्य के रूप में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राजकीय बालिका उ.मा. वि. खुडाला-फालना की नूतन खोखावत एवं शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झुपेलाव के राम अवतार चौधरी का योगदान रहा। टीम के दल प्रभारी के रूप में गायत्री कुमारी एवं सुमन गुर्जर ने भूमिका निभायी। बालिका विद्यालय के स्टाफगण एवं एस.डी.एम.सी सदस्य अमित मेहता ने पायल कुमारी के राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बधाई दी।

# जौरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने लोंगट गांव की घटना को लेकर प्रशाशन पर लगाए आरोप

गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे



**जौरा-** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिकरवार ने पूर्व में हुई चेना,घुर्रा,ओर अभी हाल ही में लोंगट गांव की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन पर आरोप लगते हुए कहा कि ग्राम लोंगट में जो प्रशासन ने मकान तो?ने की करवाई की हैं बह एक हिटलरसाही तरीके से की हैं अगर सुखलाल कुशवाह सट्टा चलाता था तो इसकी सूचना प्रशासन को पूर्व से नही थी क्या प्रशासन की ऐसी क्या मसजबूरी थी जो कि रात्रि में ही पक?ने जाना प?ा ओर अब तक जिले में प्रशाशनिक अधिकारीयो ने कितने सट्टे बालो के खिलाप मकान तो?ने करवाई की हैं मकान टूटने से उसके परिवार के लोग छोटे छोटे बच्चें परेशान हो रहे हैं बही पूरे जिले में जुआ, सट्टा, शराब का अवैध कारोबार पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा है हर थाने के अंतर्गत जुआ सट्टा शराब का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है लगातार शहरों में चोरियां हो रही है लेकिन इन पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है थानों को दलाल लोग चला रहे है अगर थानों में कोई व्यक्ति रिपोर्ट लिखाने जाए तो बिना पैसे की रिपोर्ट नहीं लिखी जाती कई दिनों तक उसे घुमाया जाता है तब कहीं जाकर उसकी रिपोर्ट लिखी जाती है वहीं पूर्व में हुई छेरा गांव की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि प्रशासन ने फाइल को ही बंद कर दिया उस घटना से कई लोगों की मौत हो चुकी है मुख्य आरोपियों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई प्रशाशन का हिटलरशाही तरीका नही चलेगा निर्दोष लोगों पर करवाई करना प्रशासन बंद करें एवं अगर कोई भी अपराधी हैं और उसने अपराध किया हैं तो प्रशाशनिक अधिकारी जांच कर उस पर करवाई करे निर्दोष लोगों पर जुल्म नहीं सहा जाएगा अगर प्रशासन का यह रवैया नहीं बदला तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।

# एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** श्री शिव गो सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट बेंगलुरू द्वारा मागड़ी रोड स्थित सरकारी विद्यालय खेल मैदान में आयोजित एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में भजन कलाकार ओम मुंडेल, एवं रमेश माली की मनमोहक प्रस्तुति



पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे कार्यक्रम में राजस्थान पिपलिया कला के संत संध्या नाथ महाराज एवं वाट्स फाउंडेशन के आनंद कृष्णा दास का सानिध्य रहा मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा गौशालाओं में गाय सुरक्षित तो है लेकिन वह सुखी तभी रह सकती हैं जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति गौ सेवा के लिए आगे आए मुणोत ने शिव गौ सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सोनाणा खेतलाजी के भक्त रमेश कुमार भंडारी, प्रकाश चौहान, नगीन चौहान, समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर, भरत पाल रेशा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव, अमराराम माली, प्रविण माली एवं बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित थे ट्रस्ट के हनुमान पंवार, मोतीलाल माली, रामाकिशन प्रजापत, रमेश माली, पर्बतसिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को सम्मानित किया इस कार्यक्रम से अर्जित धन को गौ सेवा के लिए उपयोग किया जाएगा।

# आज हम कैमिकल युक्त जीवन जी रहे है

## जीतो बैंगलुरु नार्थ महिला विंग द्वारा उपयोगी वस्तुओं की कार्यशाला

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** जीतो बेंगलोर नॉर्थ की महिला विंग द्वारा चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में राष्टीय योजना सेंटर फ़ोर एक्सिलेंस के अंतर्गत दो दिवसीय हर्बल कॉस्मैटिक कार्यशाला ÷ग्रूमिंग मंत्रास÷ के दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।मुख्य प्रशिक्षक मुंबई की मधु जैन कार्यशाला में कहा कि आज हम जो जीवन जी रहे है वो पूरा केमिकल युक्त हो चुका है गांव छोड़ कर शहर मे आये तो गांव की मिट्टी,प्रकृति, जड़ी बुटीयाँ जो हमें प्राकृतिक तरीके से रक्षा करती थी, उसे भूल कल हम टीवी विज्ञापन को देख कर अपने उपर केमिकल युक्त प्रोडक्ट उपयोग करने लगे है।लेकिन जब उसके साइड इफेक्ट सामने आये तो वापिस पीछे हर्बल की दुनिया मे लौटने लगे परंतु पर कहीं ना कहीं कम्पनियो ने इसका पूरा फायदा उठाया और वो ही हर्बल आर्युवेदिक उत्पादों को चोगुने दामो से बाजार मे बेचने लगे।वास्तव में देखा जाए तो उन्ही हर्बल कॉस्मैटिक उत्पादों को हम बहुत आसान और सस्ते तरीके से बनाना सीख सकते है। मधु जैन ने प्रथम दिन सभी संभागीयों को सोप मेकिंग, फेस वाश,फेस पैक, फेस मोइसराइजर, क्रीम लोशन, लीप बॉम, पैन बाम और धूप बनाना सिखाया।कार्यशाला में सदस्यों का उत्साह चरम पर था। नवकार स्मरण से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर जीतो नार्थ महिला विंग अध्यक्ष बिन्दु



रायसोनी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल आमतौर पर खूबसूरती बढ़ाने के लिए करते हैं, लेकिन जब यही कॉस्मेटिक्स आपको बीमार बनाने लगे, तो शायद महिलाएं कोई भी कॉस्मेटिक इस्तेमाल करने से पहले एक बार जरूर सोचेंगी। कुछ सालों में केमिकल्स के साइड इफेक्ट्स को देखते हुए लोगों का रुझान हर्बल और ऑर्गेनिक उत्पादों की तरफ बढ़ा है। क्योंकि हर्बल प्रोडक्ट उत्पाद इको-फ्रेंडली होते हैं और त्वचा को हानिकारक प्रभाव से बचाते हैं। ये बहुत तेजी से उभर रहे हैं। न केवल भारत में बल्कि हर्बल सौंदर्य प्रसाधन की मांग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में हैं। इसको दुनिया के सामने लाने में भारत सबसे आगे है। इसके उत्पादों की मांग ग्राहकों को अपनी जीवन शैली बदलने के लिए प्रेरित कर रहा है और उन्हें रासायनिक-आधारित सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों के उपयोग से उनके शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने में मदद कर रहा है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने जानकारी दी कि जीतो महिलाओं में जागृति लाने हेतु आयोजित इस कार्यशाला को सदस्यों की जागरूकता एवं उत्साह के कारण कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया।मुख्य प्रशिक्षक का परिचय रक्षा छाजेड़ ने दिया। संचालन सह-संयोजिका सुमन रांका ने किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना व रेश्मा पुनमिया, सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता के साथ-साथ शिखा तातेड, जयश्री जैन, मनीषा डोशी, सुमन सिंघवी, मीना बडेरा, संगीता बेताला, नीता गादिया,साधना धोका का पूर्ण सहयोग रहा। प्रथम दिन आयोजित दोनो सत्रों में लगभग 220 सदस्यों ने भाग लिया। सह मंत्री भाविका कोठारी ने धन्यवाद दिया।

# सामाजिक कुरीतियों को दूर कर ग्राम केंद्र को पूर्ण रूप से विकसित करने में दें सर्वस्व योगदानः किशन सूर्यवंशी

## पीड़ित मानवता की सम्पूर्ण सेवा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन की सराहना भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी होती हैः सुमित पचौरी, विधानसभा स्तरीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों का विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। चार सत्रों में आयोजित हुए वर्ग में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को वक्ताओं ने सोशल मीडिया का महत्व, ग्रामस्वराज्य में जनभागीदारी का महत्व, जनकल्याणकारी योजनाओं के सुदृड़ीकरण में भूमिका के साथ हम भाजपा के क्यों, विषय से अवगत कराते हुए भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराया। रविवार को कुरवाई रोड़ स्थित अन्नतश्री गार्डन में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मुख्य वक्ता एवं राष्टीय कॉफी बोर्ड भारत सरकार के सदस्य मनोज दुबे, चितावर, देवपुर, लटेरी,आनंदपुर मण्डल के अध्यक्षगण, वर्ग के संचालक एवं व्यवस्था प्रमुख ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया, प्रथम सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में मनोज दुबे ने हम भाजपा में क्यों विषय लेकर देश के आर्थिक सामाजिक विकास में कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के योगदान को विस्तार से बताया, सत्र अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता फूलसिंह दाँगी ने की, द्वितीय सत्र के मुख्यवक्ता आईटी सेल सागर के जिला संयोजक अखिलेश दाँगी ने सोशल मीडिया का महत्व विषय को ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के बीच विस्तार से रखते हुए आज के प्रगतिशील समय मे उपयोग करने की बात कही।

**मातृशक्ति और युवा शक्ति को प्रेरित कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाएं**-तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने ग्राम स्वराज में जनभागीदारी का महत्व एवं महिलाओं व युवाओं की भूमिका पर विषय रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ ग्राम केंद्र को पूर्ण रूप



से विकसित कर देश के विकास में एक आदर्श जनप्रतिनिधि के तौर पर सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन कराने की बात कही,उन्होंने कहा कि जबसे पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण मिला है तब से देश की अनेक पंचायतों में मातृशक्ति ने अपनी प्रतिभा के बल पर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं आवश्यकता है कि मातृशक्ति और युवा शक्ति को प्रेरित कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाएं,सत्र की अध्यक्षता माधवी माथुर द्वारा की गई।

**समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति के कल्याण के लिए काम करने का मंत्र दिया**- वर्ग के चतुर्थ एवं अंतिम सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने संबोधित किया। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओ के क्रियान्वयन एवं संगठन विस्तार,सुदृड़ीकरण में हमारी भूमिका विषय को रखते हुए भाजपा के जनप्रतिनिधियों को दीनदयाल जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,ठाकरे जी सहित सैकड़ो नेताओं के संघर्ष और बलिदान से खड़ी हुई पार्टी और विचारधारा को समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति के कल्याण के लिए काम करने का मंत्र दिया, उन्होंने कहा कि पंद्रह साल से हमारी भाजपा की सरकार का लक्ष्य सर्वांगीण विकास रहा है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में हमारी सरकार ने मानवता के जन्म लेने से सम्पूर्ण जीवनकाल के लिए सम्मान और सुरक्षा की गारंटी देने वाली सरकार है बिजली,सड़क,सिंचाई का रकबा बड़ाने के साथ संबल,मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह,लाडली लक्ष्मी योजना, तीर्थदर्शन जैसी अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए काम कर रहीं है। पीड़ित मानवता की सम्पूर्ण सेवा करने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन की सराहना भारत ही नही अपितु विदेशों में भी होती है जो हम सबके लिए गौरव की बात है सत्र की अध्यक्षता माखन सिंह जादौन ने की।

**विधायक ने प्रशिक्षण वर्गों के महत्व से अवगत कराया**- सत्र में विधायक उमाकान्त शर्मा ने भी एक कार्यकर्ता के तौर पर सहभागिता करते हुए वक्ताओं को सुना। समापन पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने वर्ग में शामिल जनप्रतिनिधियों से संगठनात्मक बातचीत कर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारे बौद्धिक स्तर विकसित होने के साथ अनुशासन सीखने को मिलता है। इस मौके पर उन्होंने अपेक्षित वर्गार्थीयो की उपस्थिति भी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन वर्ग प्रमुख लक्ष्मण सिंह बघेल एवं आभार वर्ग के व्यवस्था प्रमुख कैलाश शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा के चारो मण्डलों के अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,झार सिंह दाँगी,राजकंवर बघेल,राजेश यादव,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दाँगी सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# गौ संरक्षण जागरूकता अभियान गालव सभागार में संपूर्ण हुआ

**ग्वालियर।** गौ संरक्षण जागरूकता अभियान के द्वारा ग्वालियर शहर में गौ संरक्षण अभियान जीवाजी यूनिवर्सिटी के गालव सभागार में संपूर्ण हुआ जिसमें शहर के सभी क्षेत्रों से आए हुए समाजसेवी गौ सेवक, डॉक्टर, अध्यापक एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिष्ठित व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में बताया गया आजकल हमारे देश में गौ माता की दयनीय स्थिति को दूर करने बारे में एवं गौ महत्व समझाया एवं गौ संरक्षण के बारे में चर्चा हुई साथ ही साथ सभी लोगों को बहुत सेवा के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन टीम के सदस्य अंकित कटारे जी ने किया। जहां पर फाउंडेशन के संस्थापक श्री महेश शर्मा ज्योतिषाचार्य ने बताया की गौ सेवा करने से सभी देवी देवताओं की पूजा होती है एवं भाग्योदय होता है वहीं पर प्रतिष्ठित डॉक्टर जेपी जोशी ने बताया गौ माता का दुग्ध स्वास्थ्य के लिए बहुत हितकारी एवं सर्वोत्तम होता है। डॉक्टर योगेंद्र परिहार ने बताया के गौ सेवा करने से व्यक्ति का ब्लड प्रेशर नियमित रहता है एवं अपने स्वयं का अनुभव साझा किया। प्रोफेसर मृगांक ढेंकुला जी ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा करनी चाहिए एवं गौ हत्या को रोकना चाहिए। टीम के सदस्यों रोहित, गोपाल, सौरव, राहुल, यश, दिलबाग,अजीत, राजीव, अमन, विपिन, शिवांक, गौरव एवं राज के द्वारा लगातार घायल गोवंश या जो बेसहारा गाय हैं उनका संरक्षण कर उनका इलाज किया जाता साथ ही साथ उनकी सेवा की जाती है सभी लोगों ने उनके कार्य की प्रशंसा की एवं उनका साथ देने के लिए कहा। गौ सेवा करने के लिए, हमारी टीम से जुड़ने के लिए एवं हमारा सहयोग करने के लिए नीचे दिए हुए ।

# अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में राजेश शर्मा जाएंगे केरल



**भिंड।** संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख घटक अखिल भारतीय किसान सभा का राष्ट्रीय सम्मेलन 13, 14, 15, 16 दिसम्बर को केरल के त्रिसूर शहर में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में किसानो से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा करके आगामी 3 वर्षो के लिए आन्दोलनो की रणनीति बनाई जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संगठन के जिला कार्यकारी महासचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि इस सम्मेलन भिंड जिले से संगठन के राज्य समिति सदस्य, जिला महासचिव राजेश शर्मा हिस्सेदारी करेंगे। किसान नेता ने कहा कि मध्यप्रदेश की डवल इंजन वाली सरकार ने 5 लाख हैक्टेयर जमीन किसानों से छीन कर उद्योगपतियों को सौंप दी। मुआवजा वहुत कम दिया। भिंड, मुरैना, श्योपुर में अटल एक्सप्रेसवे के नाम पर सरकार किसानों की उपजाऊ जमीन को किसानो से छीनकर पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी कर रही है। मध्य प्रदेश में ज़मीनों की लूट मची है। किसानों की कर्ज माफी करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। आवारा गाऐ किसानों की फसलें वरवाद कर रही है। सरकार ने न तो गौशालाएं वनाई। और न ही चारे पानी की व्यवस्था की। किसान नेता ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2002,2003 में मध्यप्रदेश सरकार पर 23,000 करोड़ का कर्ज था।जो वढकर 3,32,000 करोड़ पहुंच चुका है। सरकार जो भी कर्जा लेती है।उसका 50, प्रतिशत ब्याज में ही चला जाता है।डवल इंजन वाली सरकार ने प्रदेश को कंगाल वना दिया है। प्रदेश वासी कंगाल हो रहें हैं तो दूसरी तरफ नेता अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं। किसान की उपज की मंडियों में लूट हो रही है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून वनाने को तैयार नहीं है। किसान नेता ने कहा कि खाद संकट इतना भयानक है कि किसानो की लाईन में लगे लगे मौत हो रही हैं।इन मुद्दों पर सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।

# मन्दिर की सम्पत्ति को हड़पने के लिये रोज रचे जा रहे हैं षड़यंत्रः महंत सरजूदास


**गोहद-भिंड।** गोहद वार्ड नं 10 कटुवा गेट स्थित अतिप्राचीन नरसिंह मंन्दिर की वेषकीमती सम्पत्ति पर जबरन कब्जा करने और उसे हड़पने के लिये असामाजिक तत्व पूर्ण संरक्षण के चलते तरह - तरह की झूठी काल्पनिक कहानियां बनाकर मुझे मन्दिर की सेवा पूजा से हटाकर उस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और इसके लिये मेरी जान भी ले सकते हैं या मेरे खिलाफ कोई भी झूठा मुकदमा कायम करा सकते हैं । के उक्त बात बताते हुए मंदिर के पुजारी महंत सरजूदास रो पड़ते हैं और बताते हैं कि बाल्यकाल में सन् 2004 के कुम्भ के मेले में से मेरे गुरू स्वर्गीय श्री दयारामदास जी महाराज मुझे अपना चेला बनाकर नरसिंह मंदिर पर लाये थे और मेरी सेवा पूजा और भक्ति - भाव से प्रसन्न होकर मुझे साधू परम्परा के अनुसार अपना उत्तराधिकारी व शिष्य बनाकर रजिस्टर्ड मुख्तयाराम नियुक्त किया था तब से लेकर आज तक मैं मन्दिर की सेवा पूजा अर्चना और सम्पत्ति की देखरेख कर रहा हूं और मैं शासन की ओर से नियुक्त पुजारी हूं । मेरे दूर के रिश्तेदार राकेश कटारे उसकी पत्नी मंजू कटारे उनका परिवार और उनके सहयोगी रामसागर मुदगल और उनके सहयोगी इस मन्दिर की सम्पत्ति को हड़पने के लिये लगातार अवैध प्रयास करते चले आ रहे हैं । मेरे गुरू के देहान्त के बाद इनके प्रयास अवैध षड़यंत्रों में बदल गये और मन्दिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को डरा धमकाकर भगाने लगे। मन्दिर की व्यवस्थाएं भंग करने और मुझे भगाने के लिये मेरे साथ इन लोगों ने कई बार मारपीट की। उसके वीडियो पुलिस



को दिये । और अभी 21 नवम्बर 2022 की रात्रि को इन लोगों ने प्रेमकिशोर कटारे और नवीन मुदगल को साथ लेकर मन्दिर के प्रांगण में घुसकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े और मंदिर की दूसरी मंजिल पर चढ़कर वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ा और सभी कैमरों को अपने साथ ले गये। जब मैंने इन्हें रोका तो मेरे साथ गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। इनमें से राकेश कटारे का सहयोगी रामसागर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है । उसके विरूद्ध कई थानों में मुकदमे कायम हैं। इन लोगों ने मंदिर की सम्पत्ति को हड़पने के लिये सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचकर फर्जी वसीयत बनाई जिसकी शिकायत मैंने थाने में की है । ये बाहुबली और राजनैतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति हैं इसलिये इन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है इसलिये इनके हौंसले बुलन्द हैं और ये कभी भी मेरी हत्या कर सकते हैं। राकेश कटारे की पत्नी महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुये आये दिन झूठी मनगढंत कहानियां गड़कर मुझे गलत केस में फंसाना चाहती है और यदि भविष्य में मेरे साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो इसके लिये राकेश कटारे का पूरा परिवार व उसी घर में रहने वाला कतरौल का निवासी रामसागर मुदगल व उसका भतीजा नवीन मुदगल तथा इनके समस्त सहयोगी उत्तरदायी और जिम्मेदार होंगे। मेरी शासन और प्रशासन से यही अपील है कि मेरी और मंदिर की सम्पत्ति की रक्षा की जाये।

# 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सिरोंज के खिलाड़ियों ने जीते

## 3 स्वर्ण, 1 रजत, और 2 कांस्य पदक



रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** दिल्ली के त्याग राज स्टेडियम में 24 से 26 नवंबर से तक आयोजित हुई 5ह्लद्ध इंडिया ओपन इंटरनेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे आदर्श ताइक्कांडो क्लब सिरोंज के 7 उत्कृष्ट खिलाड़ियों जिनमे 4 बालिकाएं और 3 बालको, ने भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 3 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक और 2 कांस्य पदक प्राप्त किए जिसमें 1 स्वर्ण तथा 1 कांस्य पदक फ्रेशर वर्ग में प्राप्त किया, क्रेडिट बालक वर्ग में दिव्यांश जाट पुत्र श्री देवेंद्र सिंह जाट अंडर 33 किलोग्राम में स्वर्ण पदक एवं कैडेट बालिका वर्ग में ही कुमारी विधि कुशवाह श्री सरदार सिंह कुशवाह वजन वर्ग अंडर 37 किलोग्राम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं जूनियर बालक वर्ग में अनिकेत कुशवाह पुत्र श्री जगदीश कुशवाह वजन वर्ग 48 किलो ग्राम में रजत पदक प्राप्त किया, वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में निमिषा जाटव पुत्री श्री रज्जूलाल जाटव वजन वर्ग 16 किलोग्राम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया, क्रेडिट बालिका वर्ग में कृतिका कोली वजन वर्ग 47 किलोग्राम में एक दो पॉइंट के अंतराल से क्वार्टर फाइनल में हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गई, वहीं फ्रेशर वर्ग में अंश शर्मा पुत्र दीपक शर्मा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, प्रेशर बालिका वर्ग में कुमारी रुहानिका राजपूत पुत्री राजपाल राजपूत ने अपना बेस्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्कांडो क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 3 स्वर्ण,1 रजत तथा 2 कांस्य पदक प्राप्त किए, प्रतियोगिता में मुख्य कोच की भूमिका क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह एवं सहायक कोच की भूमिका में क्लब की ही निधि साहू रही, प्रतियोगिता से वापसी पर नगर में नागरिकों, खिलाड़ियों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों और कोचों का फूल मालाओं से मुंह मीठा करवा कर जोरदार स्वागत किया गया एवं भविष्य में इसी तरह प्रदर्शन करते रहने की शुभकामनाएं दी गई।



# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी जी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर मध्य/ यातायात मृगाखी डेका जी के मार्गदर्शन में शहर में बड़ रही लूट की घटनाओं, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान शहर के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया। ओर संबंधित लोगो को मुंह पर कपड़ा बांधकर ना चलने की हिदायत देने के साथ ही गाड़ी के पेपर चेक कर कमी होने पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ यातायात जागरूकता के तहत मॉर्निंग स्टार स्कूल बड़ा गांव में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई, नियमों का पालन ना करने के कारण किस तरह लोग सड़क दुर्घटनाओं में असमय मारे जा रहे हैं और गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं इस संबंध में बताया गया ओर कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों,स्कूल के स्टाफ एवं स्कूल के वाहन चलाने वाले ड्राइवरों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलवाई गई।**

# ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों की कांग्रेस में होगी वापसीः राहुल गांधी



**इंदौर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इंदौर में है। उन्होंने इंदौर में मीडिया से बात की है। वही राहुल गांधी इस दौरान सियासी सवालों पर जवाब देने से बचते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में आज आरएसएस का व्यक्ति भी मेरा स्वागत करने आया था। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी में भी बहुत सारे लोग सोचते हैं कि जो देश में हो रहा है, वह सही नहीं है। एमपी में कांग्रेस की सरकार गिराने वाले लोगों के लिए पार्टी के दरवाजे खुले हैं के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये सवाल आपको पार्टी के अध्यक्ष और एमपी कांग्रेस के नेताओं से पूछना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मेरी राय है कि अगर वे लोग पैसे से खरीदे गए हैं तो उन पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमपी ने सभी राज्यों का रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। यहां लोगों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कुछ खास लोगों के बिजनेस मोनोपॉली पर भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि देश सरकार को नहीं चलाना चाहिए। लोगों की राय सुननी चाहिए। मैं सभी लोगों की बात सुनता हूं। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस का टाइम बढ़ाए जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि देखा आपने कांग्रेस पार्टी का समझौता। यह वहां नहीं होता है। वहां (बीजेपी) आपको सवाल पूछने का मौका ही नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ है। इस देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है, ये बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जिस स्थिति में आज देश है अगर इसी रास्ते पर चलते रहे तो देश को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लोगों के दिमाग में ये यात्रा गहरी घुस गई है। आरएसएस और बेजीपी ने तीन लोगों को अपने हाथों में अर्थव्यवस्था दे रखी है। देश हिंदुस्तान की सोच से चलनी चाहिए न की सरकार से। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी ने मेरी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ो रुपए बर्बाद कर दिए। मैं धीरे धीरे बीजेपी और आरएसएस की गहराई को समझने लगा हूं। राहुल गांधी को मैं बहुत सालों पहले पीछे छोड़ दिया हूं।

# नशे के दलदल में गुजरात

गुजरात में पिछ्ले कई वर्षों से शराबबंदी है। इसके बाद भी गुजरात में बड़े पैमाने पर शराब बिक रही है। सरकारी शराबबंदी होने के कारण शराब का पूरा व्यवसाय माफिया के हाथों चला गया है। गुजरात ऐसा राज्य है जहां घर-घर में शराब होम डिलीवरी के रूप में मिल जाती है। गुजरात में जहरीली शराब भी मिलती है। वही देसी विदेशी ब्रांडेड शराब भी आसानी से मिलती है। सरकार के खजाने में शराबबंदी के कारण शराब का राजस्व नहीं पहुंच रहा है। 10000 करोड़ से ज्यादा का शराब व्यापार राजनीतिक संरक्षण के माध्यम से संगठित व्यापार के रूप में हो रहा है। पहली बार राष्ट्रीय मीडिया के चैनल में गुजरात के शराबी जगह-जगह पर नजर आए इससे वर्तमान सरकार की बड़ी बदनामी भी हो रही है। गुजरात में जिस तरह से मादक पदार्थ पिछ्ले दिनों पकड़े गए हैं। गुजरात में नशे का कारोबार दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में और युवाओं के बीच में शराब और मादक पदार्थ आसानी से उपलब्ध हैं। गुजरात जैसे राज्य में यह चिंता का विषय है। नारकोटिक्स विभाग ने अदानी पोर्ट में अरबों रुपए का मादक पदार्थ जप्त किया था। उसके बाद भी उसके ऊपर कोई जांच या कार्यवाही नहीं होने से यह संदेश जा रहा है कि राजनेताओं की सरपरस्ती में यह अवैध कारोबार संगठित रुप से हो रहा है। इस कारोबार में पुलिस और जांच एजेंसियों की सहभागिता भी है। नशाबंदी होने के बाद भी पुलिस के डंडे का जोर और खौफ गुजरात में कहीं पर भी देखने को नहीं मिलता है बल्कि शराब और मादक पदार्थों की बिक्री बड़े सुनियोजित तरीके से की जा रही है।गुजरात राज्य की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां के युवा और मजदूर नशे की गिरफ्त में देखे जा रहे हैं। चुनाव के दौरान नेशनल मीडिया जब गांवों में पहुंचा तब यह सारी स्थिति उजागर हुई है। हर कोई सरकार और पुलिस की नाकामी को गिना रहा है। चारित्रिक सुचिता और हिंदुत्व के राज्य में नशे का यह कारोबार आश्चर्यचकित कर देने वाला है। गुजरात राज्य में युवा मजदूरों कॉलेज और स्कूलों में युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में होने से अंधकारमय में होता जा रहा है। गुजरात के राजनेताओं और आला अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। शराब और मादक पदार्थों के नेटवर्क को जड़ मूल से समाप्त करें। गांधी के राज्य में नशा मुक्ति बेहतर तरीके से लागू हो। राजनीतिक संरक्षण में चल रहा यह कारोबार पूरी तरह से बंद हो। 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में जो गुजरात में नशे की जो हालत है उसने भाजपा के 27 साल के राज और मोदी के नेतृत्व की छवि को गहरा आघात पहुंचाया है।पिछ्ले वर्षों में देश के सभी राज्यों में मादक पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। संगठित माफिया गिरोह युवाओं को नशे की लत लगाने के लिए स्कूल-कालेज एवं युवाओं को मादक पदार्थ पहुंच रहे है। पुलिस और जांच एजेसियां संगठित गिरोह पर कार्यवाही करने के स्थान पर छोटे-छोटे सप्लायर और नशे करने वालों को पकड़कर वाहवाही लूटते हैं। किन्तु नशे की खेप कहां से आ रही है। किन-किन हाथों से गुजरकर नशे करने वालों तक पहुंच रही है। इसकी जांच नहीं करती है। जिसके कारण नशे का कारोबार दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है। अब तो आम जनता भी कहने लगी है। पुलिस नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य जांच एजेंसियों की मिली भगत से नशे का संगठित कारोबार हो रहा है। इसका हिस्सा राजनेताओं और बड़े-बड़े अधिकारियों तक पहुंच रहा है। जिसके कारण युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो रही है। गुजरात जैसे राज्य में नशे की बयार बह रही है। सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैंठी है। यह चिंता का विषय है।

# इंसान कर रहा हैवानियत की हद पार

क्रूरता की जब कभी बात होती है तो लोग जानवरों जैसे व्यवहार की मिसाल देते हैं। परन्तु इंसान जैसे बुद्धिमान समझे जाने वाली प्राणी के हवाले से कुछ ऐसी घटनायें सामने आने लगी हैं गोया अब इंसानों की क्रूरतम कारगु?ारी के लिये पशुओं जैसी क्रूरता या हैवानियत की बात करने जैसी उपमायें भी छोटी मालूम होने लगी हैं। क्योंकि किसी पशु या उसके द्वारा की जा रही हैवानियत की मिसाल देना इसलिये भी बेमानी है क्योंकि किसी पशु द्वारा अपने स्वभावानुसार पशुता दिखाना या किसी जानवर द्वारा अपना पाशविक स्वभाव या पशुवृत्ति दर्शाना उसकी मनोवृति में शामिल है। वे किसी नियम कानून के अधीन नहीं आते बल्कि उनका सम्पूर्ण आचरण वैसा ही होता है जैसा प्रकृति ने उन्हें बख़्शा है। परन्तु इंसान को तो प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है। अपनी बुद्धि के सदुपयोग से यही अशरफ-उल-मकलूमात आज चाँद और मंगल के रास्ते नाप रहा है। इस संसार में समाज के गरीब व पिछड़े लोगों की सहायता के लिये अनेक बड़े से बड़े संगठन बनाकर मानव ने अपने कोमल ह्रदयी होने का सुबूत दिया है। पूरा विश्व समाज किसी न किसी रूप में एक दूसरे पर निर्भर है। गोया इसी मानवीय सदबुद्धिविश्वास और सहयोग की बदौलत ही दुनिया आगे बड़ रही है।



परन्तु इसी मानव समाज में ऐसी क्रूरतम प्रवृति के लोग भी पाये जाने लगे हैं जिनके आगे पशुओं की पशुता और राक्षसों का राक्षसीपन भी फीका पड़ जाये। मनुष्य द्वारा मनुष्य की ही हत्या किये जाने की घटनायें तो प्राचीन काल से होती आ रही हैं। सत्य-असत्य की लड़ाई के नाम परयुद्ध और धर्म युद्ध के नाम परआन-बान-शान के लियेड़र-जोरू और जमीन की खतिरऊंच-नीचधर्म -जाति आदि को लेकर मानव समाज एक दूसरे के खून का हमेशा से ही प्यासा रहा है। परन्तु आज के दौर में जबकि तथाकथित धर्म का बोलबाला हैप्रवचन कर्ताओं की पूरी फौज दिन रात समाज को ज्ञान और नैतिकता का पाठ पढ़ाती रहती है। धार्मिक समागमों में भीड़ पहले से कई गुना बढ़ती जा रही है। देश में एक से बढ़कर एक लोकप्रिय प्रेरक लोगों को जीने की कला और सफल जीवन जीने के गुण सिखाते रहते हैं। दूसरी और इंसान है कि अपने आचरणकृत्यों व सोच विचारों के लिहाज से बद से भी बदतर होता जा रहा है। बलात्कारमासूम बच्चियों से बलात्कारसामूहिक बलात्कारऔर इन सब के साथ ऐसी वहशियाना हरकतें करना कि पीड़िता तड़प तड़प कर जान दे दे ? ऐसे कुकृत्य और जुल्म तो जानवरों को भी करते नहीं देखा गया ? इंसानों को जिंदा जला देना किसी व्यक्ति को वाहन में बाँध कर उसे सड़कों पर घसीट कर मार डालना इतनी बेरहमी आखिर कोई इंसान कैसे कर सकता है ?

और अब तो इन्सानइंसान को मारकर उसकी लाशों के टुकड़े करने में भी पीछे नहीं रहा। राजधानी दिल्ली में एक व्यक्ति ने लिव-इन रिलेशन शिप में रह रही अपनी एक महिला मित्र की न केवल हत्या करदी बल्कि उसके शरीर को 35 टुकड़ों में काट कर उन अंगों को 18 दिनों तक हत्यारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में नालों व तालाबों में फेंकता रहा। दिल्ली का ही तंदूर काण्ड तो देश कभी भूल ही नहीं सकता जबकि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मार कर उसकी लाश के टुकड़े कर उन्हें तंदूर में जला दिया था। कोई बाप ने अपनी ही जवान बेटी की गोली मार कर हत्या कर उसकी लाश बड़ी बेरहमी से एक सूटकेस में ठूंस कर यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे लाश से भरा सूटकेस फेंक गया। बंगाल में एक नेवी अधिकारी को उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर पहले तो जान से मारा फिर बाथरूम में उसकी लाश रखकर आरी से उसके शरीर के छः टुकड़े किये और उन्हें इलाड़े के विभिन्न हिस्सों में फेंक दिया। पति पत्नी और लिव इन रिलेशन शिप में होने वाली हत्याओं का तो सीधा अर्थ है भरोसे और विश्वास की हत्या। पिता-पुत्र-मां-बहन-भाई-बहनोई-साले आदि संबंधों के मध्य होने वाली हत्याओं का अर्थ है रिश्तों का ड़त्ल। परन्तु आज के युग में तो रिश्तों और भरोसों का ड़त्ल गोया सामान्य घटना बनती जा रही है।

कभी कभी तो विचार आता है कि ऐसी घटनाओं में प्रायः एक दो चार सिर फिरे व क्रूर प्रवृति के लोग ऐसे कारनामे अंजाम दे डालते हैं। और यदि यहाँ अधिक लोग होते तो शायद ऐसी घटना न घटती। परन्तु ऐसे विचार भी तब बेमानी नजर आने लगते हैं जब हम दंगाइयों की सामूहिक भीड़ की क्रूरता पर नजर डालते हैं। याद कीजिये 1984 में एक धर्म विशेष के लोगों को किस बेरहमी से कत्ल किया गया था। भीड़ जिंदा लोगों को टाँगें पकड़ कर मारते हुये खींचते हुये जगह जगह इंसानों की जलती चिताओं में फेंक रही थी। गले में जलते हुये टायर डाल कर हत्यायें हो रही थीं। लोगों को उनके घरों में आग लगाकर जिंदा जलाया जा रहा था। आम लोग तो क्या पुलिसकर्मी भी इन्हें बचाने नहीं आ रहे थे। 2002 का गुजरात याद कीजिये। कैसे ट्रेन के डिब्बे में आग लगाकर दंगाइयों ने 59 लोगों को जिंदा जला दिया था। उसके बाद गुजरात के बड़े क्षेत्र में दंगाइयों द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कारमहिलाओं का स्तन काटा जानाउनके पेट फाड़ कर बच्चा बाहर निकालनाशरीर के टुकड़े टुकड़े करनाधर्म विशेष की पूरी की पूरी बस्ती आग के हवाले कर देना और इस तरह के न जाने कितने जुल्म धर्म के नाम पर धर्मांध भीड़ द्वारा दिल्ली गुजरात जैसी कई जगहों पर किये जाते रहे हैं।

कुछ अति शरारती तत्व हमारे ही समाज में ऐसे भी हैं जो केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिये अपने आकाओं के इशारे पर ऐसी क्रूरतम घटनाओं में अपराधी की धर्म-जाति देखकर ही प्रतिक्रिया करते हैं। यह चलन और भी बेहद खतरनाक है। यदि हत्यारा या जघन्य अपराधी उनकी अपनी बिरादरी या धर्म का है तो वे खामोश रहेंगे। केवल खामोश ही नहीं बल्कि प्रायः अपराधी यहाँ तक कि हत्यारेबलात्कारी व सामूहिक बलात्कार के दोषी का खुलकर पक्ष भी लेने लगेंगे। और यदि अपराधी दूसरे धर्म-जाति का है फिर तो समाज में आग लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। ऐसे लोगों की भी गिनती क्रूर अपराधी मानसिकता रखने वालों में ही की जानी चाहिये। समाज को ऐसे लोगों व उनके इरादों के प्रति सचेत रहने की जरुरत है। विशेषकर हमारे समाज को ही इस बात पर चिंतन मंथन करने की जरुरत है कि आखिर क्या वजह है और उसके संस्कारों में क्या कमी रह गयी है कि आज इंसान हैवानियत की सारी हदें पार करता जा रहा है।

## आज का चिंतन : संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की महाराज मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा महाराज यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले वत्स तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे।

# 'श्रद्धाओं' के शोषण कब तक

महिलाओं के शोषण पर लगाम लगाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आज हर तरह से आवश्यक है। श्रद्धा वॉकर हत्याकांड की गूंज पूरे देश में जारी है और यह दुखद मामला बता देता है कि महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी व्यवस्था सोलह आना सजग नहीं है। श्रद्धा ने महाराष्ट्र में 2020 में अपने कथित प्रेमी के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। पुलिस से की गई शिकायत की कॉपी बुधवार को सामने आई है और इससे पता चलता है कि मुंबई पुलिस अगर चाहती, तो श्रद्धा की जान बच सकती थी। दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने उस समय हुई जांच पर सवाल उठाकर बिल्कुल सही किया है। वास्तव में, मुंबई पुलिस ने तब कोई कार्रवाई नहीं की थी, अतः मालीवाल का यह कहना सही है, 'जब तक देश का सिस्टम इतना खोखला रहेगा, लड़कियां ऐसे ही मरती रहेंगी।' इसी सप्ताह संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने बताया है कि दुनिया में हर 11 मिनट पर एक महिला अपने परिचितों या परिजनों के हाथों मारी जाती है। शोषण और हिंसा का तांडव झेल रही महिलाओं की समग्र स्थिति का अनुमान भी भयावह है।आज 25 नवंबर को दुनिया महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस मना रही है, तब हमारे दिमाग मेंि्त्रयों के शोषण के खिलाफ ख्याल आने चाहिए। निस्संदेह, लोग पहले की तुलना में सजग हुए हैं, पर इतना ही पर्याप्त नहीं है। कतर में आयोजित फुटबॉल विश्व कप में ईरान के खिलाड़ियों ने अपने देश में महिलाओं के दमन का जिस तरह विरोध किया है, वह बहुत कारगर है। महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोकना बहुत जरूरी है, उन पर अलग से कानून या कायदा थोपा नहीं जाना चाहिए। ज्ञान-विज्ञान के किसी क्षेत्र में महिलाएं अब पीछे नहीं हैं, वे हर मोर्चे पर मुस्तैदी से लोहा ले रही हैं। यदि हम उनके साथ न्याय के पक्ष में खड़े नहीं होंगे, तो दरअसल अपने हिस्से की





ममता घटा देंगे, मां, बहन, बेटियों को कमजोर कर देंगे। घरों में कैद कमजोर महिलाएं जो परिवार, समाज रचेंगी, वह भी कमजोर ही होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव को केवल आंकड़े नहीं गिनाने चाहिए, दुनिया की तमाम सरकारों से महिलाओं का हाल पूछना चाहिए। बचाव के लिए उपाय अवश्य होने चाहिए। सब जानते हैं, समाज 'श्रद्धाओं' से भरा हुआ है और 'आफताब' भी इफरात हैं। 'आफताबों' को कानून-व्यवस्था के जरिये ठीक किया जाएगा, लेकिन 'श्रद्धाओं' को भी अलग ढंग से सोचना होगा। भरोसा, भय या अति-आत्मविश्वास को समझना होगा। लगभग दो साल पहले श्रद्धा ने मुंबई पुलिस को लिखित में बताया था कि 'पूनावाला मुझे गाली देता है और मारता है। मेरा गला दबाने की कोशिश की। वह मुझे डराता और ब्लैकमेल करता है कि मुझे मार डालेगा, टुकड़े-टुकड़े कर देगा और फेंक देगा। छह महीने हो गए हैं, वह मुझे मार रहा है, लेकिन मुझमें हिम्मत नहीं थी।' वास्तव में, शिकायत करने की हिम्मत श्रद्धा ने जुटा ली थी, फिर अपनी ही शिकायत से उसने समझौता भी कर लिया। भारतीय समाज में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के लिए न जाने कितने लोग जिम्मेदार हैं, लेकिन स्वयं शोषित होने वाले की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। समय रहते जागना, जगे रहना और दूसरों को जगाने का सिलसिला बन जाना चाहिए। 'थोड़ी हिंसा तो चलती है', इस सोच से निकलना होगा। जो परिजन ऐसी हिंसा को छिपाते हैं, वे अपराधी से कम नहीं हैं, 'श्रद्धाओं' के शोषण या मौत में उनका भी हाथ है।

# थैंक्स गिविंग डे, जश्न के तौर पर मनता है




हर वर्ष नवंबर महीने के अंतिम बृहस्पतिवार को 'थैंक्स गिविंग डे' मनाया जाता है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में एक वार्षिक राष्ट्रीय अवकाश है, जिसे पिछ्ले वर्ष की फसल और अन्य आशीर्वाद के जश्न के तौर पर मनाया जाता है।

इस बार थैंक्सगिविंग डे या धन्यवाद दिवस 24 नवंबर 2022 को है। यह दिन अमेरिका में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और इस दिन को क्रिसमस के समान महत्व प्राप्त है साथ ही अमेरिका में इस दिन अवकाश भी होता है।

थैंक्सगिविंग डे अमेरिका में नवंबर के चौथे गुरुवार को मनाया जाता है इसकी शुरुआत अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने सन 1939 में की थी। परंतु ऐसा माना जाता है कि इस दिन की शुरुआत वर्ष 1621 में अमेरिका के मैसाचुसेट्स में हुई।

'थैंक्स गिविंग डे' पहली बार वर्ष 1621 में ÷पिलग्रिम फादर्स÷ द्वारा मनाया गया। वह एक यूरोपियन थे लेकिन वह ऋ में आकर बस गए थे। अमेरिका में अपनी पहली सफल खेती करने के बाद उन्होंने अपने पड़ोसियों को धन्यवाद कहने के लिए एक पार्टी दी। जिसे 'थैंक्सगिविंग डे ' के नाम से जाना गया।

लेकिन इस दिन को मान्यता तब मिली जब 'जॉर्ज वाशिंगटन' ने सन् 1789 मे इस दिन को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की सरकारी घोषणा की। तभी से लोग इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं।

लेकिन कई इतिहासकारों का यह मानना है कि इस दिन की शुरुआत फ्लोरिडा में सबसे पहले साल 1565 में हुई तो कुछ इसकी शुरुआत वर्ष 1578 में कनाडा में हुई मानते हैं।

थैंक्सगिविंग डे इंग्लैंड से आए शरणार्थियों द्वारा मनाया जाना शुरू हुआ इस दिन वे फसल के पौधे रोपते थे इसीलिए इस दिन को पहले ÷हार्वेस्ट डे÷ के नाम से जाना जाता था। और अमेरिका में इस दिन लोग 'टर्की पक्षी' को पकाना और खाना पसंद करते थे।

इस दिन से मक्का और बींस की खेती की शुरुआत होती थी तथा मछ्ली और सीफूड ही बनाया जाता था। इंग्लैंड में नवंबर तक फसलों की कटाई हो जाती थी और इस काम को लोग आपसी सहयोग से करते थे और अंत में एक दूसरे का आभार प्रकट करने के लिए दावत भी देते थे जिसे ÷थैंक्सगिविंग डे÷ कहा जाने लगा।

**धन्यवाद दिवस कैसे मनाते हैं?**

थैंक्सगिविंग डे या धन्यवाद दिवस अमेरिका के साथ ही इंग्लैंड और यूरोपियन देशों में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है इस दिन लोग फसलों की कटाई कर अपने पड़ोसियों को दावत पर बुलाते हैं। जहाँ सभी लोग भगवान का शुक्रिया अदा कर एक दूसरे का भी धन्यवाद करते हैं।

**थैंक्सगिविंग कोट्स**

वैसे तो किसी को शुक्रिया कहने का कोई ख़ास दिन या समय नहीं होता, लेकिन यदि किसी ने जाने या अनजाने में आपकी मदद की है और आप उसे थैंक्स नहीं कह पाएं है तो थैंक्स गिविंग पर आप यह काम कर सकते है। इसके लिए आप कुछ बेहतरीन शायरियों या कोट्स का इस्तेमाल भी कर सकते है।

सारी दुनिया बदल गयी,
बदल गया पूरा संसार,
कितनी ही विपदा है आई,
तुम खड़े रहे हरदम साथ,
थैंक्सगिविंग पर करता हूँ मैं,
तुमको दिल से धन्यवाद!!!
हैप्पी थैंक्सगिविंग
आपकी वजह से ही मिल पाया है,
जीवन को खुलकर जीने का हौसला,
वरना कब का टूट गया होता,
मेरी उम्मीदों का ये घोंसला।
थैंक यू!

मैं नहीं जानता कि आपकी इस सहायता के लिए मुझे क्या कहना है, सिर्फ 'धन्यवाद' के अलावा, इसलिए थैंक यू !!!

हमारी खुशियों में शामिल होकर, इस दिन को और भी ख़ास बनाने के लिए ह्रदय की गहराइयों से आपका धन्यवाद।

## डाटा की सेंधमारी

ऊंचाई की तली में हमेशा खाई होती है। यही सनातन परिपाटी है। जहां पहाड़ हैं, वहीं घाटी है। इसलिए जब-जब अपने मन के मुहल्ले में कोई स्टार्टअप टहलता है, तो मुकद्दर का सर्वर फटाक से डाउन हो जाता है। कभी उत्साह का कंप्यूटर बदनसीबी के हैकर्स द्वारा हैक कर लिया जाता है तो कभी कोशिशों का डाटा चोरी हो जाता है। और यह सब देखकर के अपुन का मन भी इंडिया हो जाता है। जहां गरीब का मोरल डाउन होता है तो मंहगाई का सेंसेक्स हाई हो जाता है। जब-जब भ्रष्टाचार का रेट हाई हो जाता है तब-तब विकास का फ्लाईओवर डाउन हो जाता है। वादों के हाईवे टूट जाते हैं। और तरक्की के सपने रूठ जाते हैं। जब बेईमानी के फास्ट ट्रैक प्रहार हो जाते हैं तो पेशेंट की जगह अस्पताल खुद बीमार हो जाते हैं। लीजिए, अस्पताल के बीमार होने पर याद आया कि अभी हाल में दिल्ली के बेतहाशा मशहूर एम्स अस्पताल का हैकर्सों ने सेंध लगाकर डाटा ही चोरी कर लिया है। मरीजों की केस फाइलें गायब हैं। मरीजों का बुरा हाल है और अस्पताल बेहाल है।सच है जो आंख से आंसू चुराने का हुनर रखते हैं उनके लिए कंप्यूटर से डाटा चुराना कौन-सा मुश्किल काम है। अब आगजनी में दफ्तरों की फाइलें नहीं जला करती हैं , अब तो डाटा चोरी होते हैं। इन डाटा चोरी की घटनाओं से ही तो हमें पक्का यकीन होता है कि हम डिजिटल युग में रह रहे हैं। दुनिया आभासी और चोर प्रवासी। जो पता नहीं दुनिया के किस मुल्क में बैठे-बैठे अपनी लीला दिखा दें। ग्लोबल एज में विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम् का मर्म इन हैकरों से ज्यादा और कौन समझ पाया है। हाई क्वालिटी के अपराध करने के लिए विजन भी तो हाई होना चाहिए। लोकल लिविंग, ग्लोबल थिंकिंग। और अब तो सौभाग्य से जो भी लोकल है,वहीं वोकल है। और यत्र-तत्र बेईमान सर्वत्र पूज्यते। हो सकता है डाटा चोरी के मामले में हम भी स्वावलंबी हो चुके हों और हमें भनक भी नहीं हो। वैसे भी अच्छे कामों का प्रचार थोड़े ही किया जाता है।

## प्रकृति का नजारा

प्रकृति है अनमोल धरोहर,
सभी दृश्य लगते मनोहर,
कहीं बर्फ से ढके चांदी के पहाड़,
रेगिस्तान में दिखे रेत बेशुमार,
दूर-दूर तक फैले मैदान,
लगती है सारी धरती पायदान,
ईश्वर की रचना का नहीं पारावारा,
बड़ा सुंदर है प्रकृति का नजारा।
ऊंचे पहाड़ों से गिरते जल प्रपात,
तरो ताजगी लिए आता प्रभात,
पेड़ों की शोभा का क्या वर्णन कहें,
प्रदूषण की हर समस्या को खुद सहे,
लगता है धरती को दुल्हन सा सजाया,
स्वागत करते पौधों को फूल सहित पाया,
कहीं पानी मीठा और कहीं खारा,
बड़ा सुंदर है प्रकृति का नजारा।
नदियां मानव की प्यास बुझाती,
विशाल समुद्र धरती को चार -चांद लगाती,
अंटार्टिका जैसे बर्फ से ढके महाद्वीप,
तकनीक से धरती लगे समीप,
हरी घास ढकी की सुंदर घाटियाँ,
मनभावन है घुमड़ते बादल की वादियां,
यही मन के सुकून का सहारा,
बड़ा सुंदर है प्रकृति का नजारा।
आकाश में छटा बिखेरता इंद्रधनुष,
होकर मंत्रमुग्ध देखते हैं मानुष,
छम- छम बहता वर्षा का पानी,
ले आनंद नहीं बात यह अनजानी,
सुबह से शाम तक काम कर थक जाता,
शरीर को आराम देने को रात को सो जाता,
यही सुख और आनंद का द्वारा,
बड़ा सुंदर है प्रकृति का नजारा।
कहीं सूर्य की धूप बिखरी चांद की चांदनी,
करेगी सोचने को विवश यही संगिनी,
तनाव भरी जिंदगी छोड़ दो कदम बढ़ा,
इस कायनात पर गुण ईश्वर के गा,
भौतिक वस्तुयें नहीं रहती स्थिर,
निकालकर समय कर खुद की फिक्र,
बिना मोल देती कुदरत सहारा
बड़ा सुंदर है प्रकृति का नजारा।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# थाना छुरा पुलिस की बड़ी सफलता मृतक का बेटा ही निकला हत्यारा

## जमीन विवाद बनी हत्या का कारण आरोपी को उडीसा बार्डर से पकड़ा गया

जिला गरियाबंद में पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले द्वारा पिछले माह ली गई थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक में महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में तत्परता एवं संवेदनशीलता पूर्वक कार्यवाही करने निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में थाना छुरा प्रभारी द्वारा तत्परता से मृतक राजेश नागवंशी की मृत्यु के अनसुलझे मामले को सुलझाने की चुनौती लेकर मामले में सफलता हासिल करते हुए हत्या का खुलासा किया है। मामला थाना छुरा क्षेत्र का है जहां दिनांक 26.11.2022 को मोबाईल से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मोंगरा में राजेश नागवंशी पिता ठग्गुराम नागवंशी उम्र 55 साल ग्राम मोंगरा थाना छुरा का हत्या हो गया हैं कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस मौके पर तत्काल पहुंचे घटना के संबंध में प्रार्थी बजरंग नागवंशी पिता राजेश नागवंशी उम्र 32 साल ग्राम मोंगरा कि रिपोर्ट पर मर्ग पंचनामा कार्यवाही एवं अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी बजरंग नागवंशी ने पुलिस को बताया कि दिनांक 26.11.2022 के प्रातः खेत काम करने गया था, सुबह 10ः00 बजे घर जाकर देखा कि आंगन में खुन बह रहा था, तथा उसके पिता राजेश नागवंशी की मौत हो चुका था. प्रार्थी के चाचा सबेराम नागवंशी बताया तुम्हारा छोटा भाई यशवंत नागवंशी घर के जमीन को मेरे नाम पर दर्ज कराओ तथा जमीन की पट्टा मांगने की बात को



लेकर झगडा विवाद करते हुये मृतक राजेश नागवंशी को हत्या करने की नियत से लकड़ी के डण्डा से प्राण घातक हमलाकर हत्या किया. बताया। आरोपी यशवंत नागवंशी पिता राजेश नागवंशी उम्र 27 साल साकिन मोंगरा थाना छुरा ने अपने पिता को हत्या कर गांव से फरार हो गया था, मामले की गंभीरता के अनुरूप जिला गरियाबंद के पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना छुरा पुलिस, विशेष टीम द्वारा आरोपी को ग्राम चुरकीदादर से लगे नुआपाडा उड़ीसा के जंगल में आज दिनांक 27.11.2022 को घेराबंदी कर पकडा गया। घटना में प्रयुक्त लकडी का डण्डा घटना स्थल से जप्त किया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने व मामला अजमानतीय होने से आरोपी को आज दिनांक 27.11.2022 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक भुषण चंद्राकर, सउनि सुरेश निषाद, प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा, धनुष निषाद स्पेशल टीम के जयप्रकाश मिश्रा, चुडामडी देवता आरक्षक ललित नेताम, देवेंद्र सोनवानी, दयानंद गौर की सराहनीय भूमिका रही

**गिरफ्तार आरोपी**-01. यशवंत नागवंशी पिता राजेश नागवंशी उम्र 27 वर्ष साकिन ग्राम मोंगरा थाना छुरा जिला गरियाबंद (छ0ग0)

# सरस्वती शिशु मंदिर संकुल केन्द्र उरमाल में दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का किया गया आयोजित

संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट



गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर संकुल केंद्र उरमाल में दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 26/11/2022 शायं से 27/11/ 2022 सायं 4ः00 बजे तक संपन्न हुआ वर्ग में मुख्य रूप से जिला सचिव श्री लोकनाथ साहू जी जिला कोषाध्यक्ष श्री कैलाश शुक्ला जी जिला समन्वयक श्री बाला राम रात्रे जी एवं श्री चंद्रशेखर नागेश जिला कार्यवाह का सानिध्य प्राप्त हुआ इस प्रशिक्षण वर्ग में संकुल उरमाल के अंतर्गत 7 विद्यालय से 33 आचार्य एवं 16 दीदियां सम्मिलित हुए। वर्ग में समिति के पदाधिकारी बंधुओं का भी सानिध्य प्राप्त हुआ जिसमें प्रमुख रुप से सरस्वती शिशु मंदिर अमलीपदर के अध्यक्ष श्री रूद्र प्रताप त्रिपाठी उरमाल से राजकुमार अग्रवाल, परश कौशिक, अनिल अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर सीनापाली से नवीन अग्रवाल, रोहित पटेल कौशिक यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शिक्षक के रूप में श्री चंद्रशेखर नागेश एवं अशोक यादव जी ने शारीरिक श्री बाला राम रात्रे जी ने पालक संपर्क एवं कक्षा के विभिन्न विषयों को गतिविधि के माध्यम से अध्यापन श्री राजेश चक्रधारी जी ने परीक्षा का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाए इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया श्री लोकनाथ साहू जी के द्वारा आचार्यों की भूमिका बच्चों के प्रति कैसी हो इस विषय पर प्रकाश डाला गया ।कार्यक्रम का संचालन संकुल प्रमुख रमाकांत बेहेरा ने किया।

# शिक्षक की मांग को लेकर छात्र छात्राओं ने किया पंचायत का घेराव सरपंच से की शिक्षक की मांग

संवाददाता हेमचंद नागेश




गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बजाड़ी हाई स्कूल के शिक्षकों का स्थानांतरण होने पर उस स्थान में दूसरे शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई जिसके चलते छात्र-छात्राएं शिक्षक के मांग को लेकर पंचायत भवन पर धरना प्रदर्शन कर सरपंच से शिक्षक की मांग की पिछले कुछ साल में सेवानिवृत्ति और तबादले के चलते स्कूल से शिक्षकों की कमी हो गई है यहां 54 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और एक भी शिक्षक नहीं बार-बार मांग करने पर पंचायत द्वारा एक शिक्षक की व्यवस्था की गई लेकिन महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक का अभाव है इसके चलते छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कोर्स लगातार पिछड़ रहा है दूसरी ओर शासन प्रशासन को शिक्षकों की भर्ती करने की मांग की जा चुकी है इसके बावजूद भी शिक्षकों की नियुक्ति धर्म है इसका खामियाजा विद्यार्थी भुगत रहे हैं। विज्ञान एवं गणित जैसे विषयों की शिक्षक नहीं होने पर गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई संभव नहीं हो पा रही है छात्रों का कहना है अगर एक हफ्ते में शिक्षक की नियुक्ति नहीं की जाती तो 130 हाईवा पर चक्का जाम करने की बात कही है।

# हिंदुस्तान जिंक को बिजनेस एक्सीलेंस 2022 के लिए सीआईआई ईएक्सआईएम बैंक अवॉर्ड

**जयपुर न्यूज एजेंसी।** । वेदांता समूह और देश में जिंक, लेड और सिल्वर की सबसे बड़ी और एकमात्र एकीकृत उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक को बिजनेस एक्सीलेंस 2022 के लिए प्लैटिनम श्रेणी में सीआईआई इएक्सआईएम बैंक अवार्ड प्रदान किया गया। व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा कंपनी के लिये यह अवार्ड बड़ा मील का पत्थर है। सीआईआई इएक्सआईएम अवार्ड भारत में उत्कृष्टता के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है और इसे भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया है। हिंदुस्तान जिंक को यूरोपियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट, बिजनेस मॉडल के तहत बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अवार्ड कंपनी द्वारा किये गये हरित पहल, सामाजिक जिम्मेदारियाँ, नए व्यावसायिक विकास, मानव संसाधन प्रथाएँ और तकनीकी




नवाचार के लिये उल्लेखनीय हैं। हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकार अरुण मिश्रा ने कहा कि, बेंचमार्क प्रक्रियाओं और संचालन के लिए हमारी टीम और व्यापारिक भागीदारों के लगातार प्रयास उत्कृष्टता की ओर ले जाने में सफल हैं। सीआईआई ईएक्सआईएम पुरस्कार हमारे प्रयासों के लिए मान्यता है जिसने हमें सभी प्रमुख हितधारक के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद, दीर्घकालिक संबंध स्थापित करने में मदद की है।यह पुरस्कार हमारे कर्मचारियों के लिये प्रेरणास्पद है, उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# ईराइज ड्राइव इलेक्ट्रिक भारत में अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तारर करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजारों में प्रवेश की घोषणा के बाद केएल ग्रुप की ऑटोमोटिव इकाई, ईराइज-ड्राइव इलेक्ट्रिक ने भारत में अपने डीलर नेटवर्क के विस्तार के लिए एक आक्रामक रोडमैप पर फोकस किया है। कंपनी ने अपने ईराइज पार्टनर प्रोग्राम की घोषणा की है और भारत में 175 से ज्यादा जगहों पर 200 से ज्यादा डीलर बनाने का लक्ष्य तय किया है।

ईराइज़ भारत में सड़कों की स्थिति के अनुसार स्पष्ट रूप से लंबी दूरी के सफर के लिए बेहतरीन रेंज और शानदार परफॉर्मेंस देने वाले इलेक्ट्रिक टू-व्ही लर्स का निर्माण करती है। कंपनी अगले कुछ दिनों में जल्दी ही अपने तीन लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करेगी। कंपनी ने अपने पायलट प्रोग्राम के तहत पहले ही 1000 से ज्यादा स्कूटरों की बिक्री की है और अब इसकी योजना अगले वित्त वर्ष के अंत तक 10 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री करने की है।

कंपनी ने पहले से ही भारत के 10 से ज्यादा शहरों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा ली है। अब कंपनी की योजना पूरे भारत में विस्तार करने की है। ईराइज - ड्राइव इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक मिथिलेश जैन ने योजनाओं के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा, स्कूटरों के पायलट लॉन्च के दौरान हमने कंपनी के ई-स्कूटरों के प्रति लोगों में काफी आकर्षण देखा है। हम आने वाले दिनों में अपने प्रॉडक्ट्स लॉन्च करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

इसके साथ-साथ कंपनी ने बिक्री को बढ़ावा देने के लिए अपने डीलर नेटवर्क के विस्तार की योजना बनाई है। हम इस क्षेत्र में डीलरों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं, और हमारे ईराइज पार्टनर प्रोग्राम का उद्देश्य इन्हीं चुनौतियों को हल करना है। हम अपने पार्टनर नेटवर्क को हर तरह से काबिल और सशक्त बनाना चाहते हैं, जिससे हम सभी का एक साथ विकास हो सके।

# बीएसएनएल में संविधान दिवस मनाया

**जयपुर न्यूज एजेंसी।** ।बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल में आज संविधान दिवस के अवसर पर राजस्थान परिमंडल के महाप्रबंधक (एचआर एवं प्रशासन) अखलेश अग्रवाल ने बीएसएनएल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संविधान दिवस के बारे में बताया और इस अवसर पर कोविड-19 की गाइडलाइन्स का पालन करते हुए भारत सरकार के दिशा निदेशानुसार बीएसएनएल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। इस अवसर पर राजस्थान परिमंडल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (वित्त) आर. डी. मीना, महाप्रबंधक (ईबी) उपेन्द्र बाकोलिया, महाप्रबंधक (सीएफए) मुकेश कुमार, महाप्रबंधक (एमएम) सुभाष चन्द्र अग्रवाल, महाप्रबंधक आर. के. पंवार, महाप्रबंधक वी.एस. नेमीवाल सहित बीएसएनएल के कई अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# झोटवाडा में शुरू हुआ सीएनजी स्टेशन

**जयपुर न्यूज एजेंसी।** ।झोंटवाडा औद्योगिक क्षेत्र में भी अब वाहनों के लिए सीएनजी फिलिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां भगवती गौरीशंकर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सीएनजी स्टेशन की शुरूआत की गई है। इसके उद्घाटन के अवसर पर टोरेंट गैस के एजीएम प्रोजेक्ट अनिल नाभानी , झोटवाडा मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद गुप्ता, भगवती गौरीशंकर पेट्रोल पंप के संचालक मोहित गुप्ता और हर्षिता गुप्ता, झोटवाडा एसएचओ घनश्याम राठौड, उद्योगपति दामोदर कंछल, शुभम कंछल, भजनलाल अग्रवाल और समाजसेवी राजेंद्र शर्मा मौजूद रहे। आनंद गुप्ता का कहना है कि इस क्षेत्र में सीएनजी के वाहनों की संख्या लगातार



बढ़ रही है, लेकिन सीएनजी स्टेशन नहीं होने से वाहन चालकों को दूर जाना पड़ता था, इसलिए झोंटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन खुलने से यहां सीएनजी वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

# जीएसटी परिषद की बैठक 17 दिसंबर को

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर को होगी। जीएसटी परिषद ने ट्विटर पर लिखा है, ''जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर, 2022 को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिये होगी।'' बैठक में कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी लगाने और जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर राज्य के वित्त मंत्रियों के समूह की रिपोर्ट पर चर्चा होगी। इसके अलावा, जीएसटी कानून के कुछ प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने को लेकर अधिकारियों की समिति की एक रिपोर्ट पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है।

# न्युवोको सीमेंट प्लांट ने लौटोती विद्यालय को स्मार्ट क्लास डिवाइस प्रदान की

**जयपुर न्यूज एजेंसी।** । भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने न्युवोको सीमेंट प्लांट, निम्बोल की ओर से लौटोती विद्यालय में 24 नवम्बर को कम्प्यूटर मय प्रोजेक्टर सेट के-यान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमीत रेले,कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन एवं सीएसआर हेड ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का आधुनिकीकरण शहरों के साथ गांवों में भी हो इसके लिये शिक्षित भारत के तहत जिले में प्रथम के-यान सेट



लौटोती विद्यालय को दिया गया है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिलिप सिंह ने इसके लिये आभार जताते हुये इसका नियमित उपयोग करने की बात कही। इससे पूर्व फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि कालूराम ढाडिया, शम्भूसिंह उदावत, कप्तान सिंह, रघुराज सिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं प्लांट के सुग्रीव तिवारी, जे के पुरोहित, सुधीर कुमार उपस्थित रहे। करीब एक लाख सतहत्तर हजार रूपये की ये फाइव-इन-वन डिवाइस स्मार्ट क्लास के लिये भेंट की गई।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल फाइनेंस के लिए टाटा मोटर्स ने एचडीएफसी बैंक से की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एचडीएफसी बैंक अधिकृत पैंसेजर ईवी डीलर्स को इलेक्ट्रिक व्हीकल डीलर फाइनेंसिग सॉल्यूशन मुहैया कराएगा। इस योजना के तहत टाटा मोटर्स रेपो रेट से जुड़े लेंडिंग रेट आकर्षक दाम के साथ अपने डीलर्स को अतिरिक्त इनवेंट्री फंडिंग भी प्रदान करेगा, जो उनकी आईसीई की फाइनेंस लिमिट से ज्यादा है। लोन लौटाने की अवधि 60 से 75 दिन की होगी। उच्च मांग के चरणों की जरूरत को पूरा करने के लिए, बैंक अतिरिक्त लिमिट भी देगा, जो डीलर्स को एक साल में तीन बार उपलब्ध होगी। इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड में चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और टाटा पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के डायरेक्टर आसिफ मालबरी और एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड-रिटेल एसेट्स अरविंद कपिल ने हस्ताक्षर किए। फाइनेंस स्कीम शुरू होने पर टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिकल मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के डायरेक्टर आसिफ मालबरी ने कहा एचडी एफसी बैंक के साथ साझेदारी यातायात के प्रदूषण मुक्त साधनों को हासिल करने को हमारे विजन में सहयोग प्रदान करेगा। हमें आशा है कि इस तरह की साझेदारी से हमारे उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने का अनुभव और आसान हो जाएगा। एचडीएफसी बैंक में रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड अरविंद कपिल ने इस साझेदारी के बारे में बताते हुए कहा, हम एचडीएफसी बैंक में इस कार्यक्रम से जुड़कर काफी प्रसन्न हैं। यह हमें अनुकूल फाइनेंसिंग प्रोग्राम से नई उपभोक्ता श्रेणियों का लाभ उठाने में मदद करेगा। इससे देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संस्कृति को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।

# तेंदू पत्ता व्यापार पर लगने वाला 18 फीसदी जीएसटी वापस लिया जाए : पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को केंद्र से अनुरोध किया कि तेंदू पत्ते के कारोबार पर लगाया गया माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आठ लाख गरीब लोगों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए वापस लिया जाए।

# राशन कार्ड के लिए घर बैठे करें आवेदन, जानें स्टेप बाय स्टेप पूरा प्रोसेस

राशन कार्ड बनवाने के लिए पहले के समय सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब सरकार की ओर से इस प्रक्रिया को आनलाइन कर दिया गया है। इस लेख में दिए गए प्रोसेस का पालन करके आप आसानी से आनलाइन राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। राशन कार्ड किसी भी परिवार के लिए एक जरूरी दस्तावेज होता है। यह राशन जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजना में लाभ लेने के साथ-साथ एक जरूरी दस्तावेज के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, वोटर आइडी कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और कई दस्तावेज बनवाने के लिए भी प्रमाण के रूप में उपयोग किया जाता है। पहले के समय में राशन कार्ड बनवाना काफी मुश्किल होता था। लोगों को सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाने के साथ- साथ इंतजार भी करना प?ता था, लेकिन अब दौर बदल चुका है। अब आप बेहद आसान तरीके से ऑनलाइन ही अपना राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# अमेजन मिनी टीवी पर क्रश्ड सीरीज-2 का प्रीमियर 2 दिसंबर से

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस- अमेजन मिनी टीवी अपनी सबसे पसंदीदा सीरीज क्रश्ड का दूसरा सीजन पेश करने को तैयार है। डाइस मीडिया (पॉकिट एसेस) द्वारा निर्मित इस सीरीज में आध्या आनंद, नमन जैन और उर्वी सिंह जैसे टैलेंटिड एक्टर्स प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। दर्शकों के लिए यह एक ट्रीट है क्योंकि नया सीजन 2 दिसंबर से एक्सक्लूसिवली अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीम होगा।

मन्दार कुरुण्डकर द्वारा निर्देशित और ततसत पांडे, अभिनव वैद्य, संकल्प राज त्रिपाठी द्वारा लिखित इस शो की शो रनर हैं अक्षता सामंत । इस शो की कहानी आराध्या (आध्या आनंद), जैस्मीन (उर्वी सिंह), और प्रतीक (नमन जैन) की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जो किशोर उम्र के प्रेम के उतार-




चढ़ाव से गुजर रहे हैं। क्रश्ड के दूसरे सीजन में, ये युवा अपना भविष्य बनाने के लिए संघर्ष कर रहे होंगे और एक व्यक्तियों के तौर पर उभर रहे हैं इस दौरान उन्हें जिंदगी की नई चुनौतियों से जूझना पड़ता है। इन मुश्किलों का सामना करते हुए जो उनकी दोस्ती, प्यार और उनके द्वारा बनाए गए और दूसरे सभी रिश्तों को चुनौती देता है, क्रश्ड का सीजन 2 हाई एंटरटेनमेंट और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करता है।

क्रश्ड सीजन 2 की लॉन्चिंग पर बोलते हुए, आराध्या आनंद ने कहा, ध्रपिछला सीजन अविश्वसनीय रूप से सफल रहा और दर्शकों ने इसे बहुत सराहा और प्यार दिया। क्रश्ड का दूसरा सीजन दिखाएगा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान हमारे कैरेक्टर कैसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होते हैं। नए सीजन पर अपने विचार रखते हुए, नमन जैन ने कहा, ध्रक्रश्ड सीजन 2 की घोषणा से मुझे बहुत खुशी हुई, क्योंकि कहानी वास्तव में हमारे किरदारों को विकसित होते और ग्रो करते हुए देखती है। क्रश्ड के सीजन 2 के बारे में बात करते हुए, उर्वी सिंह ने कहा, ध्रक्रश्ड के दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

इस सीजन में कैरेक्टर ग्रोथ, जज्बात और ढेर सारा ड्रामा देखने को मिलेगा, जिसका सामना इन छात्रों को अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों को लेकर करना होगा। मैं अमेजन मिनी टीवी का आभारी हूं जो इस शो को उन युवाओं के लिए लाएगा जो इससे पूरी तरह से रिलेट कर सकते हैं। क्रश्ड एस2 एक स्कूल ड्रामा है जो हाई एंटरटेनमेंट और ड्रामा का वादा करता है। इस सीरीज का प्रीमियर 2 दिसंबर से अमेजन के शॉपिंग ऐप और फायर टीवी पर उपलब्ध अमेजन मिनी टीवी पर मुफ्त में होगा।

# नोएडा में 1,800 करोड़ रुपए निवेश करेगी महागुन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीन, जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी महागुन ग्रुप उत्तर प्रदेश के नोएडा में महंगी एवं सुविधाओं से लैस एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए अगले पांच साल में 1,800 करोड़ रुपये निवेश करेगी।

महागुन ने शनिवार को एक बयान में कहा कि नोएडा के सेक्टर 107 में 40,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जाने वाली परियोजना 'महागुन मडेलियो' के लिए उसने बुकिंग शुरू कर दी है। परियोजना की कुल लागत 1,800 करोड़ रुपये है।

# अखिलेश के गढ़ करहल पहुंचे सीएम योगी

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ आज करहल से मैनपुरी लोकसभा उप चुनाव को लेकर प्रचार अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर अभी उप चुनाव का प्रचार अभियान चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ अब तक इन प्रचार अभियानों में नहीं उतरे थे। अलग प्रदेश स्तर के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का प्रचार अभियान में लगातार जोर दिख रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के उतरने के साथ ही चुनावी माहौल गरमा गया है। भाजपा की ओर से पिछले दिनों नेताओं को मैनपुरी के विभिन्न इलाकों में जातीय आधारित क्षेत्रों में भेजा गया है। जमीन के स्तर पर पार्टी अपने प्रभाव को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ करहल के नरसिंह इंटर कॉलेज में पहुंचे हैं। वहां वे एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। सीएम योगी की रैली को लेकर भारी भीड़ पहुंची है।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उप चुनाव हो रहा है। इस उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के रघुराज शाक्य और समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव के बीच मुख्य मुकाबला हो रहा है। बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने यहां से अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। अभी तक मुलायम परिवार चुनावी प्रचार मैदान में पूरा जोर दिखा रहा था। 5 दिसंबर को होने वाले मतदान से पहले भाजपा ने अब अपनी ताकत यहां झोंक दी है। इस क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रचार अभियान को तेज किया जा रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। डिंपल यादव के पक्ष में अखिलेश यादव बूथ स्तर तक के सम्मेलनों में शामिल हो रहे हैं। प्रचार कर रहे हैं। डिंपल यादव स्वयं घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं। वहीं, अब तक अखिलेश यादव से नाराज चल रहे चाचा शिवपाल यादव एक चुनावी मैदान में जोर-शोर से उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी अब मैनपुरी में परिवारवाद को मुख्य मुद्दा बनाकर चुनावी मैदान में उतरते दिखाई दे रही है। भाजपा के सीनियर नेताओं की ओर से अखिलेश के परिवारवाद पर जोरदार हमला बोला है। वहीं, अब सीएम योगी आदित्यनाथ चुनावी मैदान में उतरेंगे तो इन मुद्दों को हवा दी जाएगी। इसके बाद वार-पलटवार का दौर चलेगा।

## लखनऊ में 12वीं के छात्र की मौत केस में 3 किशोरों के खिलाफ मर्डर का केस

लखनऊ। लखनऊ में एलपीएस के छात्र अंश की मौत के मामले में उसके दादा ने 3 छात्रों पर पोते की हत्या का आरोप लगाते हुए रविवार को विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने नामजद दो आरोपितों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। अंश की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। डॉक्टरों ने विसरा जांच के लिए भेजा है। गोंडा करनैलगंज रुदौलिया निवासी नंद कुमार तिवारी के मुताबिक शनिवार सुबह करीब सात बजे घर से स्कूल के लिए निकला था। दोपहर में परिवारीजनों को अंश पर हमला किए जाने की सूचना मिली। परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे जहां अंश का शव मिला। नंद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह ने बताया कि नामजद दो आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक रविवार को अंश का पोस्टमॉर्टम करवाया गया, जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके चलते डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित रख लिया है। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि पुलिस रॉयल माउंट अकेडमी और उसके आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

# गुटखा, पान वाले कहीं लगा ना दें गाजियाबाद की स्वच्छता की रैंकिंग पर दाग

**गाजियाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 का आगाज होने वाला है। शहरी विकास मंत्रालय ने इसके लिए नई गाइडलाइंस भी नगर निगम प्रशासन को भी भेज दी हैं। इसके हिसाब से इस बार अगर गाजियाबाद को स्वच्छता में अव्वल आना है तो पान, गुटखा, खैनी खाकर पीक मारने वालों पर रोक लगानी होगी। ऐसे लोग शहर की स्वच्छता की रैंक को खराब कर सकते हैं। इस बार लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। अगर सीवर का खुला ढक्कन सर्वेक्षण टीम को मिलता है तो शहर रैंक के नंबर कट जाएंगे। नए स्वच्छ सर्वेक्षण में अंक भी बड़ा दिए गए है। वर्ष 2022 में स्वच्छ सर्वेक्षण 7500 नंबर का हुआ था। इस बार करीब 2 हजार अंकों का इजाफा कर अधिकतम अंक 9500 निर्धारित किए गए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण जनता की राय यानी फीडबैक होगा। इनमें 4525 अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस के होंगे। यानी जो पिछली बार सर्वेक्षण हुआ था, उस समय महानगर में आम जनता को सुविधा दी जा रही थी, उसमें कितना इजाफा नगर निगम ने किया है। कूड़ा शत प्रतिशत उठान कर शहर को और स्वच्छ रखने पर अधिक फोकस किया है। 4525 सर्विस लेवल प्रोग्रेस के



निर्धारित अंक में से 1750 अंक शत प्रतिशत कूड़ा उठान के तय किए गए हैं। इस बार अगर किसी नगर निगम या नगर निकाय ने कचरे से शत प्रतिशत कंपोस्ट खाद बनाई गई है तो इसके 1830 अंक मिलेंगे। इससे पहले 1200 अंक निर्धारित थे। इस तरह से कचरा प्रबंधन पर इस बार अधिक जोर दिया गया है। शहर कूड़े की बदबू से फ्री हो सके। इसके लिए पूर्व में केवल 900 अंक निर्धारित थे। अब 1750 अंक निर्धारित किए गए हैं। सफाईकर्मियों की सुरक्षा के लिए नगर निकायों द्वारा क्या इंतजाम किए गए हैं, उसके भी अलग से अंक जोड़े जाएंगे। इसके लिए 946 अंक निर्धारित किए गए हैं। स्वच्छता की रैंकिंग में यूपी में पहले और देश में 12वें स्थान पर गाजियाबाद आया था। इस बार आम जनता के सहयोग से और मेहनत की जाएगी। गाजियाबाद को यूपी में पहले और देश में टॉप-5 में लाना है। गीले कूड़े से जैविक खाद बनाने के प्रति भी नगर निकायों को प्रेरित किया गया है। अगर कोई नगर निगम जैविक खाद बनाएगा तो उन्हें इसके लिए अलग से 48 अंक दिए जाएंगे। जो लोग पान, गुटखा, खैनी आदि खाते हैं वह कहीं भी पीक मारकर शहर को गंदा कर देते हैं।

## एक नजर...

### दुनिया के सबसे पुराने वायरस को वैज्ञानिकों ने किया जिंदा

**मास्को।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक दल ने दुनिया के सबसे प्राचीन वायरस को फिर से जिंदा कर दिया है। यह वायरस करोड़ों साल से रूस के बर्फ से जमे साइबेरिया इलाके में मिला था। बताया जा रहा है कि यह वायरस करीब 50 हजार साल पुराना है। इन वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि साइबेरिया में पिघलती हुई बर्फ मानवता के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि ये वायरस अभी भी जिंदा जीवों को संक्रमित करने की क्षमता रखते हैं। रूस ने इन भूतिया वायरस को लेकर चेतावनी दी है। यही नहीं इस सबसे पुराने वायरस ने लैब के अंदर अमीबा को संक्रमित कर दिया। वैज्ञानिकों के दल ने कहा कि इन वायरस में से सबसे पुराना करीब 50 हजार साल पुराना था। वैज्ञानिकों की टीम के सदस्य जीन माइकल क्लावेरी ने कहा कि 48,500 साल विश्व रेकॉर्ड है। इस दल ने ताजा अध्ययन में कुल 7 प्राचीन वायरस का अध्ययन किया है। इस समूह में रूस, फ्रांस और जर्मनी के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। इससे पहले वैज्ञानिकों ने 30 हजार साल पुराने दो वायरस को जिंदा किया था। अन्य शोधकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि उन्होंने बैक्टीरिया को जन्म दिया है जो 25 करोड़ साल पुराना है। वैज्ञानिकों ने जिन वायरस को जिंदा किया है, वे सभी पंडोरावायरस श्रेणी के हैं। ये वायरस श्रेणी ऐसी होती है जिसमें एक कोशिका वाले जीवों जैसे अमीबा को संक्रमित करने की क्षमता होती है। हालांकि यह तथ्य है कि सभी 9 वायरस हजारों साल से बर्फ के नीचे दबे रहने के बाद भी अभी जिंदा कोशिकाओं को संक्रमित करने में सक्षम हैं। इस शोध के बाद वैज्ञानिकों ने यह भी चेतावनी दी है कि जो वायरस बर्फ के नीचे फंसे हैं, वे पौधों, पशुओं या इंसानों के लिए घातक हो सकते हैं। माइकल क्लावेरी ने कहा, एक असली खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि हर दिन कोई न कोई बैक्टीरिया और वायरस सामने आ रहे हैं। वैज्ञानिक ने कहा कि यह असंभव है कि अब तक पैदा हुए संभावित खतरे का आकलन किया जाए। इस बीच रूस ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से साइबेरिया में बर्फ का पिघलना जारी है जिससे दुनिया के लिए खतरा पैदा हो सकता है। रूसी वैज्ञानिक निकोलाय कोरचूनोव ने कहा कि बर्फ के पिघलने से जो जमीन निकल रही है, वह करोड़ों साल से दबी हुई थी और उसमें भूतिया बैक्टीरिया या वायरस अभी भी हो सकता है।

### गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल महंगा: सांसद वरुण गांधी ने महंगाई पर अपनी ही सरकार को घेरा



**पीलीभीत।** बहेड़ी लोकसभा से बीजेपी सांसद वरुण गांधी बीते कुछ दिनों से लगातार अपनी ही सरकार के खिलाफ बगावती तेवर में नजर आ रहे हैं। ऐसे में वरुण गांधी ने एक बार फिर महंगाई के मुद्दे पर ट्वीट करते हुए अपनी ही सरकार को घेरने का काम किया है। सांसद वरुण गांधी ने एक ट्वीट किया। उसमें लिखा कि पिछले एक दशक में आम किराने का दाम लगभग 68 फीसदी तक बढ़ गया है, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल से लेकर बिजली, पढ़ाई और दवाई तक महंगी हो गई है और महंगाई की रफ्तार के आगे आम आदमी की चाल धीमी पड़ गई है। अपने इस ट्वीट से वरुण गांधी ने लगातार बढ़ रही महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरने का काम किया है। यह कोई पहली बार नहीं है कि वरुण गांधी ने अपने ही सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान खड़े करते हुए ट्वीट किया है। इससे पहले भी वरुण गांधी ने जनहित से जुड़े तमाम मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम किया था। वरुण गांधी ने पेपर लीक मामले से लेकर शिक्षा माफिया तक के मुद्दे पर सरकार की नीतियों पर ट्वीट के जरिए सवाल उठाए थे। इसके साथ ही वरुण गांधी समय-समय पर तमाम विभागों में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती न आने के मामले पर भी हमलावर नजर आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लगातार जनसभाओं में वरुण गांधी युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे को उठाते नजर आते हैं। ऐसे में साफ जाहिर है कि वरुण गांधी और सरकार के बीच में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और जनहित के मुद्दे पर वरुण लगातार अपनी ही सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं।

# ब्रिटेन ने अब यूक्रेन को भेजी ब्राइमस्टोन-2 मिसाइल

**कीव।** रूस और यूक्रेन युद्ध अब 10वें महीने में प्रवेश कर गया है और नाटो देश लगातार



घातक हथियार और मिसाइलें यूक्रेन को भेज रहे हैं। इसी के तहत ब्रिटेन ने अब अत्याधुनिक ब्राइमस्टोन-2 मिसाइल को यूक्रेन को भेजा है। इस घातक मिसाइल में यह क्षमता है कि वह रूसी टैंकों को तबाह कर सकती है और खुद ही अपने लक्ष्य का चुनाव कर सकती है। यूक्रेन युद्ध में अब रूस की सेना यूक्रेन के बिजली संयंत्रों को निशाना बना रही है जिससे भीषण ठंड के बीच यूक्रेनी जनता के मनोबल को तोड़ा जा सके। यूक्रेन की सरकार ने एक बयान जारी करके कहा है कि फरवरी में जंग शुरू होने के बाद रूस ने अब तक 32 हजार नागरिक लक्ष्यों को मिसाइलों और तोप के गोलों से निशाना बनाया है। उसने कहा कि केवल 3 प्रतिशत सैन्य ठिकानों पर हमला हुआ है। रूस के भीषण हमलों के बीच ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने ऐलान किया है कि उसने यूक्रेन की सेना को ब्राइमस्टोन-2 मिसाइल दी है। ब्रिटेन ने कहा कि हमारी सैन्य मदद ने रूसी सेना की बढ़त को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। यूक्रेन इन मिसाइलों से रूस के टैंकों और अन्य हथियारों को निशाना बना रहा है। ब्रिटेन के इन मिसाइलों को भेजने की तस्वीरें पिछले दनों सोशल मीडिया में वायरल हो गई थीं। इससे पहले ब्रिटेन ब्राइमस्टोन 1 मिसाइल को भेजा था। यूक्रेन की सेना दुश्मन के लक्ष्यों को तबाह करने के लिए मिसाइलों और लॉन्चर्स की तैनाती कर रही है। ब्रिटेन की इस ब्राइमस्टोन-2 मिसाइल में अत्याधुनिक एयरफ्रेम और अपडेटेट साफ्टवेयर लगाया गया है। यह मिसाइल एक एयरक्राफ्ट से अगर दागी जाती है तो उसकी मारक क्षमता करीब 60 किमी तक रहती है। ब्राइमस्टोन और अन्य मिसाइलें रूसी सेना के किसी भी आक्रामक अभियान को करारा जवाब दे सकती हैं। यह लेजर की मदद से या फिर पहले से निर्धारित लक्ष्य को तबाह कर सकती है। इसमें एक रेडॉर लगा होता है जो लक्ष्य की पहचान करने में मदद करता है। यह रेडॉर मिसाइल को युद्धक्षेत्र को स्कैन करने की सुविधा देता है। साथ ही यह सटीक लक्ष्य को पहचान करने और उसे तबाह करने में मदद देता है। इस मिसाइल को खासतौर पर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# क्या चीन में दोहराया जा रहा तियानमेन कांड

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जिन्हें दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार किया जाता है, उनकी नींद इन दिनों उड़ी हुई है। तीसरे कार्यकाल की तरफ देखने वाले जिनपिंग और उनकी सरकार को समझ नहीं आ रहा है कि पिछले कुछ दिनों से जो प्रदर्शन जारी हैं, उन पर कैसे लगाम लगाई जाए। जीरो कोविड नीति के चलते देश में लॉकडाउन लगाया गया और अब जनता इसके खिलाफ सड़क पर उतर आई है। जीरो कोविड पॉलिसी और लॉकडाउन की वजह से जो प्रदर्शन हो रहे हैं, वो पिछले करीब तीन दशकों में सबसे बड़ा प्रदर्शन है। रविवार को जब यह प्रदर्शन हिंसक हो गया तो अथॉरिटीज की धड़कने और बढ़ गईं। लोगों को अब साल 1989 में हुआ तियानमेन स्क्वॉयर प्रदर्शन याद आ गया है। उस समय भी लोग शासन के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे और लोगों को रोकने के लिए सरकार ने मासूमों पर टैंक तक चढ़वा दिए थे। बीजिंग की शिनगुआ यूनिवर्सिटी के हजारों छात्र तानाशाह सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। इन छात्रों के हाथ में कई प्लेकार्ड्स हैं जिन पर जिनपिंग के शासन के खिलाफ कई नारे लिखे हैं। छात्र लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी की बात कर रहे हैं। यह यूनिवर्सिटी नया मामला है जहां पर विरोध भड़का है। 5 अप्रैल 1989 को चीन के तियानमेन में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। जून 1989 में जाकर इन प्रदर्शनों पर लगाम लग सकी थी। अब इस यूनिवर्सिटी के हजारों छात्र उसी तर्ज पर सड़क पर उतर आए हैं।



जिनपिंग जिन्होंने साल 2012 में सत्ता संभाली थीं, गुस्साये छात्र अब उनसे सिहांसन छोड़ने के लिए कहने लगे हैं। रविवार को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर छात्र, कैंटीन के एंट्री गेट पर पहुंचे। देखते ही देखते यहां पर 200 से 300 छात्र इकट्ठा हो गए। ये छात्र राष्ट्रगीत गा रहे थे और लॉकडाउन के खिलाफ नारे लगा रहे थे। छात्र चिल्ला रहे थे, नो टू लॉकडाउन्स, हमें आजादी चाहिए। साथ ही सेंसरशिप के खिलाफ सादा कागज दिखाकर प्रदर्शन कर रहे थे। शंघाई, नानजिंग और गुआंगजौ में प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई है। स्थानीय पुलिसकर्मियों और छात्रों के बीच कई जगह से झड़प की खबरें आई हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में ग्लोबल हिस्ट्री के प्रोफेसर पीटर फ्रैंकओपैन ने चेतावनी दी है कि सरकार इससे भी ज्यादा कड़े कदम उठाकर इन प्रदर्शनकारियों को जवाब देने की तैयारी कर चुकी है। उन्होंने कहा, सन् 1989 में हुए तियानमेन कांड के बाद यह सबसे गंभीर स्थिति है। यह प्रदर्शन रुकेंगे और स्थिति वापस से सामान्य होगी, यह कहना मुश्किल है। अब कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा, ऐसा लगने लगा है। और कोई नहीं जानता है कि अब आगे क्या होगा। चीन पर बने अंतर-संसदीय गठबंधन से जुड़े ल्यूक डी पुलफोर्ड ने कहते हैं, मैं इन वीडियो को देखने और इस पर टिप्पणी करने से खुद को दूर नहीं कर सकता हूं। यह बहुत ही हिम्मत का काम है और आश्चर्यजनक है। लोकतंत्र की मांग कर रहे चीनी छात्र निश्चित तौर पर तियानमेन की याद दिलाते हैं।



## फुटबॉल देखने आए ब्राजील के एक परिवार ने कतर में कबूल किया इस्लाम

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में फुटबॉल के प्रशंसक वर्ल्ड कप का आनंद लेने के लिए जुटे हैं। इस वर्ल्ड कप के बीच ही यहां पर ब्राजील के एक परिवार के इस्लाम कुबूल करने की भी खबरें हैं। ब्राजील के छह लोगों के एक परिवार ने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया और अपने फैसले पर परिवार को काफी गर्व है। इस परिवार में माता-पिता और चार बच्चों ने इस्लाम कबूला है। मौलवी के सामने इन्होंने धर्म स्वीकारा और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कतर पर फुटबॉल वर्ल्ड कप के बहाने इस्लाम के प्रचार के आरोप लग रहे हैं। पहले मैक्सिकन और अब ब्राजील के परिवार की तरफ से इस्लाम के कबूलनामे ने सभी खबरों पर मोहर लगा दी है। मां के अलावा उनकी तीनों बेटियों ने बुर्का पहना था और वीडियो में काफी खुश नजर आ रही थीं। पिछले दिनों एक खबर आई थी जिसमें कहा गया था कि कतर में किस तरह से वर्ल्ड कप के बहाने इस्लाम का प्रचार किया जा रहा है। मौलवी ने मां इस्लाम कबूल करने के बाद उनकी भावनाओं के बारे में पूछा। इस पर उनका जवाब था, मुझे नहीं मालूम कि कैसे अपनी खुशी का इजहार करूं। यह बहुत ही मुश्किल है क्योंकि इसने मेरे दिल को छू लिया है।

इसके बाद मौलवी ने बेटी से पूछा, किसी ने उन पर इस्लाम कबूल करने का दबाव तो नहीं डाला उनका जवाब न था और उन्होंने कहा कि किसी के कहने या डराने पर उन्होंने यह धर्म नहीं चुना है बल्कि यह उनका अपना फैसला है। ब्राजील के इस परिवार से पहले मैक्सिको के एक परिवार ने भी इस्लाम स्वीकार किया था। कतर के इस्लामिक मामलों पर बने मंत्रालय की तरफ से कतार सांस्कृतिक गांव मस्जिद जिसे दोहा में स्थापित किया गया है, वह इस समय ऐसे वर्ल्ड कप फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है जो इस्लाम के बारे में जानना चाहते हैं। इस्लाम के बारे में इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड्स 30 भाषाओं में लगे हैं। इन बोर्ड्स को एंट्री गेट पर इस तरह से लगाया गया है कि विजिटर्स को फोन से इन्हें देख सकें। साथ ही इस्लाम के बारे में बताने वाली बुकलेट्स भी अलग-अलग भाषाओं में छपी है और इन्हें लोगों के बीच बांटा जा रहा है।एक पैवेलियन बनाई गई। इस पैवेलियन का मकसद फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान लोगों को इस्लाम और इसकी बातों के बारे में बताना है। वर्ल्ड कप फैंस को वर्ल्ड कप के दौरान पैंगबर मोहम्मद के शब्दों, उनके कामों और आदतों के बारे में बताया जा रहा है। इन बातों को सड़कों के किनारे दीवारों पर लिखा गया है।

## ठंड का लगातार बढ़ रहा असर, लखनऊ से नोएडा तक बढ़ती ठंड का बड़ा कारण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव दिख रहा है। सुबह और शाम को ठंड बढ़ने लगी है। पारा लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में अलाव के सहारे लोग ठंड की स्थिति से निपटने की कोशिश करते दिख रहे हैं। राजधानी लखनऊ से लेकर नोएडा और गाजियाबाद तक नवंबर में सुबह शाम की ठंड पिछले कई दिनों से सामान्य से अधिक महसूस की जा रही है। ठंड का यह लंबा स्पैल नवंबर में चौंकाने वाला भी है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के बीच लंबा अंतर इसकी एक बड़ी वजह है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के अभाव में लगातार ठंडी हवाएं राजधानी आ रही हैं। इसी वजह से पिछले करीब 9 दिनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री कम बना हुआ है। इसमें सुधार की कोई संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है। राजधानी लखनऊ में सोमवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय हल्की धुंध रह सकती है। अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास रह सकता है। 3 दिसंबर तक तापमान में अधिक अंतर आने की संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री तक दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अभी तक नवंबर में कोई भी वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक हफ्ते से अधिक समय के लिए पश्चिमी हिमालय तक नहीं पहुंचा है।

# क्कमें मदरसा छात्रों को अब नहीं मिलेगी स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पहले मदरसों का सर्वे कराया गया। इसमें बोर्ड से असंबद्ध मदरसों की पहचान की गई है। इन मदरसों की स्थिति में सुधार के लिए योजना तैयार की जा रही है। वहीं, मदरसा एजुकेशन को लेकर एक बड़ा फैसला भी ले लिया गया है। मदरसों में कक्षा एक से आठवीं तक की पड़ाई करने वाले छात्रों को इस शैक्षणिक सत्र से स्कॉलरशिप नहीं मिलेगी। यूपी सरकार के इस फैसले का असर प्रदेश के मदरसों में पड़ाई कर रहे करीब 6 लाख विद्यार्थियों पर पड़ेगा। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से मदरसा संस्थानों को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से मदरसा संस्थानों में कक्षा पहली से आठवीं तके विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप को बंद करने का निर्णय लिया गया है। यूपी सरकार की ओर से जारी आदेश के तहत शैक्षणिक सत्र 2022-23 से छात्रवृत्ति मिलनी शुरू हो जाएगी। अब तक यूपी के मदरसों में पड़ाई करने वाले कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को 1000 रुपये बतौर स्कॉलरशिप दी जाती है। छठी से आठवीं कक्षा तक की पड़ाई करने वाले स्टूडेंट्स के लिए छात्रवृत्ति कर राशि अलग-अलग है। सरकार के आदेश का प्रभाव करीब 6 लाख विद्यार्थियों पर पड़ेगा। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। इस निर्णय के तहत स्कूलों में स्कॉलरशिप की व्यवस्था को बदल दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से राइट टू एजुकेशन के तहत मदरसा शिक्षा को भी ले आया गया है। केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि आरटीई के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक की पड़ाई मुफ्त कर दी गई है। अब इसे मदरसा शिक्षा में भी लागू किया गया है। इस कारण वर्ग 8 तक की कक्षाओं में पड़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी। प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप केवल नौवीं और 10वीं के स्टूडेंट्स को मिलेगी। प्रदेश सरकार की ओर से चलने वाले स्कूलों में स्कॉलरशिप अभी नहीं मिलती है। पहले परिषदीय स्कूलों में वर्ग 8 तक की पड़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को भी स्कॉलरशिप का लाभ मिलता था। पिछले वर्षों में आरटीई लागू होने के बाद इसे बंद कर दिया गया। अब इसी सिस्टम को मदरसों में भी लागू किया गया है। कक्षा एक से आठवीं तक के छात्रों को बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों की तरह ही दोपहर का भोजन, यूनिफॉर्म, किताबें और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। यूपी सरकार के अल्पसंख्यक विभाग की ओर से मदरसा स्टूडेंट्स के स्कॉलरशिप को लेकर आदेश जारी किया गया है। इस आदेश साफ कर दिया गया है कि शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा 1 से 8वीं तक की पढ़ाई मुफ्त है। विद्यार्थियों को पड़ाई से जुड़ी अन्य वस्तुएं दी जाती हैं। इसलिए, केवल 9वीं और 10वीं के स्टूडेंट्स को ही छात्रवृत्ति की सुविधा अब दी जाएगी। विभाग की ओर से इन कक्षाओं के छात्रों के आवेदन ही फॉरवर्ड किए जाएंगे। दरअसल, विभागीय स्तर पर स्कॉलरशिप के लिए 15 नवंबर तक आवेदन मांग गए थे।



# विराट कोहली के प्यार में पागल थीं मृणाल ठाकुर

भारतीय क्रिकेट टीम के एक्स कैप्टन विराट कोहली की फीमेल फैन फॉलोइंग बहुत जबरदस्त है। यहां तक कि कई बॉलीवुड सेलेब्स भी विराट कोहली को बहुत पसंद करते हैं और इनमें कुछ एक्ट्रेसेस भी हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर एक वक्त पर उनके प्यार में थीं। भारतीय क्रिकेट टीम के एक्स कैप्टन विराट कोहली दुनिया के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक हैं और दुनिया भर में उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग हैं। जबकि उनकी ऑन-फील्ड सफलता ने उनके करोड़ों फैंस को हासिल करने में मदद की है। उनमें से कुछ उनकी लाइफस्टाइल और व्यू के कारण भी उनको फॉलो करते हैं। भारत का लगभग हर युवा कोहली को अपना आदर्श मानता है। उनके लुक्स और स्टाइल की वजह से उनकी हजारों फीमेल फैन्स भी हैं। यहां तक कि कई बॉलीवुड सेलेब्स भी विराट कोहली को बहुत पसंद करते हैं और इनमें कुछ एक्ट्रेसेस भी हैं। यहां तक कि बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर  ने भी कबूल किया है कि वह कभी इस तेजतर्रार बल्लेबाज के प्यार में पागल थीं। इसके साथ ही मृणाल ने खुलासा किया कि उन्हें क्रिकेट से कितना प्यार है और यह सब उनके भाई की वजह से है। खेल के बारे में बात करते हुए जर्सी फेम एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने स्कूल के दिनों में एक खिलाड़ी भी थीं। मृणाल ने बताया कि वह अपनी टीनएज में बहुत पॉजिटिव थीं और जोनल लेवल तक कई खेल खेल चुकी हैं, जिसमें बास्केटबॉल और फुटबॉल शामिल हैं। साथ एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड डिवा ने कहा, एक समय था जब मैं विराट कोहली के प्यार में पागल थी। मुझे अपने भाई की वजह से क्रिकेट पसंद आने लगा, जो बहुत बड़ा फैन है। करीब पांच साल पहले उनके साथ एक स्टेडियम में लाइव मैच देखने की मेरी अच्छी यादें हैं। मुझे याद है कि मैंने नीली जर्सी पहन रखी थी और टीम इंडिया के लिए चीयर कर रही थी। वर्कफ्रंट पर मृणाल को आखिरी बार एक तेलुगु-भाषा की रोमांस फिल्म %सीता रामम में देखा गया था, जिसमें दुलकर सलमान और रश्मिका मंदाना थे। एक्ट्रेस को सुपर 30, तूफ़ान, बाटला हाउस, लव सोनिया और घोस्ट स्टोरीज़ जैसी फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। उनकी हालिया रिलीज़ में कार्तिक आर्यन के साथ धमाका और शाहिद कपूर की जर्सी शामिल हैं।





# क्या रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने चोरी-छिपे कर ली है शादी

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने चोरी-चुपके शादी कर ली है। जी हां! सुबह से एक तस्वीर को देखकर रश्मिका और



विजय के फैंस खुशी से पागल हो रहे हैं। लेकिन इस फोटो की सच्चाई क्या है, जिसमें वे शादीशुदा जोड़े बनकर खड़े हैं। आइए आपको बताते हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। उनके फैंस उन्हें एक साथ देखकर बहुत खुश होते हैं। रश्मिका और विजय अक्सर साथ में स्पॉट होने से कतराते भी हैं। उनके यही सारे जेस्चर्स देखकर लोगों को उनपर और ज्यादा शक होता है। हाल ही में सोशळ मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद चर्चा होने लगा कि विजय और रश्मिका ने चुपके से शादी कर ली है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने अपने अफवाह भरे रोमांस के बारे में बोलने से हमेशा से इनकार कर दिया है, लेकिन इस फोटो की सच्चाई क्या है, जिसमें वे शादीशुदा जोड़े बनकर खड़े हैं। आइए आपको बताते हैं। फैंस ने उनकी केमिस्ट्री को हमेशा से पसंद किया है। दोनों की ये मॉर्फ्ड शादी की तस्वीरें हैं, जो आग में घी का काम कर रही हैं। एक फैन ने इन्हें नवविवाहित के रूप में फोटोशॉप किया है, जिसमें रश्मिका  ने दुल्हन का जोड़ा, चूड़ा और लहंगा पहना है और विजय आइवरी कलर की शेरवानी में हैं। वायरल तस्वीर को नेटिज़न्स से बहुत प्यार मिला है, जो रश्मिका और विजय के रोमांस को आधिकारिक बनाने और शादी के बंधन में बंधने का इंतजार नहीं कर सकते हैं। जैसा कि विजय देवरकोंडा ने करण जौहर के टॉक शो में आने के दौरान कई बातें कही थीं। होस्ट ने उनसे उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा था। जब करण जौहर ने विजय से रश्मिका मंदाना के साथ उनके कथित रोमांस के बारे में पूछा, तो विजय ने कहा था, मैंने अपने जीवन के शुरुआती दौर में उसके साथ दो फिल्में की हैं। रश्मिका प्यारी है और मैं वास्तव में उससे बहुत प्यार करता हूं। वह बहुत अच्छी दोस्त है। उन्होंने आगे कहा, आप फिल्मों केजरिए बहुत कुछ शेयर करते हैं, जैसे बहुत सारी ऊंचाइयां और बहुत सारे चढ़ाव, इसलिए एक बंधन बन जाता है। और आम तौर पर आप बहुत जल्दी इतने करीब आ जाते हैं कि आपके बंधन भी बहुत जल्दी बनने लगते हैं। आम तौर पर यहां तक कि बैठने और किसी लड़की की आंखों में देखने में भी मुझे थोड़ी देर लगती है। हमारे सहयोगी ने खासतौर से रिपोर्ट किया था कि रश्मिका और विजय ने कुछ साल पहले ब्रेकअप कर लिया था, लेकिन लाइगर की विफलता ने एक्स कपल को एक साथ ला दिया।

# दृश्यम 2 फेम श्रिया सरन ने बताया कि सेट पर कैसे रहते हैं अजय देवगन

*दृश्यम वन के बाद दृश्यम 2 में आने वाली श्रिया सरन ने बताया कि सेट पर अजय देवगन सेट पर कैसे रहते हैं। उन्होंने कहा- वो बहुत सीरियस ऐक्टर हैं। उनके काम करने का अलग तरीका है। एक ऐक्टर के तौर पर अपनी इंस्टिंक्ट्स पर वे बहुत भरोसा करते हैं। साउथ इंडस्ट्री हो या हिंदी फिल्में श्रिया सरन उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने दोनों ही जगहों पर अपनी पहचान बनाई है। अजय देवगन के साथ दृश्यम वन के बाद दृश्यम 2 से चर्चा में आने वाली श्रिया की फिल्म शिवाजी भी खूब चली थी। उस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत थे। डांसर पर आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा रखने वाली श्रिया से खास बातचीत। अजय जी एकदम चुपचाप रहने वाले ऐक्टर हैं। लोग कहते हैं कि वे सेट पर काफी प्रैंक्स करते हैं, मगर मैंने कभी नहीं देखा। वो बहुत सीरियस ऐक्टर हैं। उनके काम करने का अलग तरीका है। एक ऐक्टर के तौर पर अपनी इंस्टिंक्ट्स पर वे बहुत भरोसा करते हैं। शूट के दौरान बहुत ही शांत और सीरियस होते हैं। उनके आस-पास होना बहुत मजेदार होता है, क्योंकि उनके पास कई कहानियां हैं, जिनको एक फिल्म लवर के तौर पर सुनने में मजा आता है। एक को ऐक्टर के तौर पर वो अपने को-ऐक्टर को बहुत कुछ देते हैं रिएक्ट करने के लिए जिससे सामने वाले के लिए बहुत आसान हो जाता है अपने रोल को जीना। उनके साथ काम करके बहुत मजा आया।*



## एक नजर...

### जेसीआई ग्वालियर स्वयमेव मृगेंद्रता ने युवतियों को कैंसर और उसके बचाव की जानकारी दी



जेसीआई ग्वालियर स्वयमेव मृगेंद्रता की प्रेसिडेंट संगीता मल्होत्रा व उनकी टीम द्वारा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान संस्थान ग्वालियर द्वारा शुरू किए गए कॉ-ऑर्डिनेटिंग कैंसर केयर कार्यक्रम के भाग के रूप में, स्कूल जागरूकता सत्र सरकारी उत्कृष्ट विद्यालय, मुरार ग्वालियर के विपन्न क्लब बाल जन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें डाँ गुंजन श्रीवस्तव ओर डॉक्टरों की टीम ने सभी युवा लड़कियों के साथ एक उपयोगी चर्चा की और उनके कई सवालों के सरल उत्तर दिए। सत्र पोस्टर / स्लोगन प्रतियोगिता से पहले रहा जिसमें तंबाकू व शराब की लत और हमारे समाज पर इसके प्रभाव पर छात्रों द्वारा शानदार पोस्टर बनाये गये स्वयमेव के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्किट के द्वारा तंबाकू शराब के सेवन से कैंसर व अन्य बिमारीयों के प्रति जागरूक किया गया ।डाँ दीप्ति जी ने समाज में तम्बाकू सेवन की पेचीदा और कैंसर की घातक बीमारी पर प्रकाश डालते हुए अद्भुत लोकगीत गा मनोरंजन तरीक़े से कटाक्ष करकेंसर के प्रति सचेत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रेखा मूले जी कार्यक्रम की सहयोगी डाँ दीप्ति गौड़ व अन्य विद्यालय परिवार,जेसी सुनीता खरे जेसी बंदना शर्मा जेसी राधिका, विषाखा, डाँ चंचल, प्रशांत, सचिन, नितिन उपस्थित रहे ।

### अपना बूथ करें मजबूत, कांग्रेस विधानसभा प्रभारियों की बैठक हुई



**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की मौजूदगी में आज ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिये नियुक्त किये गये विधानसभा, ब्लॉक एवं वार्ड प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की बैठक हुई। बैठक में विधायक डॉ. सिकरवार ने सभी प्रभारियों व सह-प्रभारियों का आव्हान किया कि अपना बूथ करें मजबूत के साथ अभी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाये। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को साथ लेकर चुनावी रणनीति बनाये और सुझावों पर तत्परता से अमल करे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि मतदाता सूचियों को अवलोकन करे और देखे कि कहीं मतदाता सूची में कोई खामी तो नही है अगर कोई खामी है तो उसे ठीक कराया जाये। उन्होंने कहा कि सत्ता रूढ भाजपा विकास में बाधक बन रही है, हमे जनता के बीच भाजपा की करनी और कथनी को भी उजागर करना है। उन्होंने कहा कि महापौर के चुनाव में मतदाता सूचियों में बहुत गडबडियां थी, जिस कारण मतदाता काफी संख्या में वोट डालने से वंचित रह गये थे। आगे चुनाव में मतदाता सूची में कोई गडबडी न रहे उसे ठीक करायें और मतदान केन्द्र वार मतदाता सूचीयों का परिक्षण करे और देखे की कही कोई मतदाता सूची से बाहर तो नहीं है। बैठक में प्रभारी सुरेन्द्र यादव, सह-प्रभारी अवधेश कौरव, पूर्व पार्षद नरेन्द्र सिंह यादव, वीना भारद्वाज, सीमा समाधिया, बलवीर सिंह तोमर, सुधीर मण्डेलिया, सुनील रमपुरिया, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, प्रतीक जैन 'लालू', पार्षद प्रमोद खरे, महेन्द्र शर्मा 'विक्की', सुरेश प्रजापति, योगेन्द्र सिंह नौनेरा, मनीष जादौन, मिथलेश वीरेन्द्र यादव, सौरभ जैन, उदल सिंह यादव, सत्यभान चौहान, प्रमोद जैन आदि मौजूद रहे।

### राजपायगा और आमखो-कम्पू रोड के घटिया निर्माण पर महापौर ने जताई नाराजगी



ग्वालियर। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने स्मार्ट सिटी द्वारा राजपायगा और आमखो-कम्पू रोड का निर्माण व्यवस्थित रूप से नही कराये जाने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने पर नाराजगी जताते हुये कहा है कि स्मार्ट सिटी द्वारा कार्य धीमी गति से कराये जाने को लेकर आम आदमी परेशान है, सड़क मार्ग की हालत बहुत दयनीय है। इन मार्गो पर राहगीरों को चलने में भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। स्मार्ट सिटी सड़क निर्माण के कार्यो को निर्धारित समय सीमा में नही कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता की परेशानियों को देखते हुये कार्य में गति लाई जाये और सड़क निर्माण गुणवत्ता परक किया जाये। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि इन सड़क मार्गों पर उडती धूल से भी न केवल अस्पताल के मरीज प्रभावित हो रहे है, ब्लकि आस-पास के रहवासी और राहगीर भी परेशान है। बार-बार स्मार्ट सिटी को कार्य में गति लाने के लिये कहा गया है मगर काम की रफतार बहुत सुस्त होने से जनता में भी नाराजगी बढती जा रही है। महापौर ने कहा कि स्मार्ट सिटी को अपने सभी कार्यो को तय समय-सीमा में करना चाहिए, जिससे होने वाली परेशानियों से जनता बच सके।

# शहर के बाजारों एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई में ढिलाई न हो: कलेक्टर

### रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था में ढिलाई मिलने पर कलेक्टर श्री सिंह ने जताई नाराजगी

**ग्वालियर /** शहर के बाजारों एवं अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई नियमित रूप से हो, इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिस व्यवसायिक क्षेत्र में रात्रिकाल में सफाई नहीं मिलेगी, वहाँ से संबंधित नगर निगम के अधिकारियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह बात कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कही। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में मौजूद नगर निगम के उपायुक्त से कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को साफ-तौर पर ताकीद कर दें कि वे अपने क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई कराएँ। उन्होंने कहा सुबह के समय सभी बाजार व व्यवसायिक क्षेत्रों की सड़कों पर कहीं भी कचरा नहीं मिलना चाहिए। सिंह ने बीती रात महाराज बाड़ा सहित शहर के अन्य बाजारों का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई है। उन्होंने महाराज बाड़ा सहित अन्य क्षेत्र की ऐतिहासिक इमारतों पर लाइटिंग व्यवस्था सुदृड़ करने पर भी बल दिया। बैठक में जिला पंचायत के



मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर एच बी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व एसडीएम मौजूद थे।

**नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में ड़िलाई बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें-** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेने पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने सभी एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो बीएलओ पुनरीक्षण कार्य में ड़िलाई बरत रहे हैं उन्हें नौकरी से बाहर करने की कार्रवाई की जाए। सभी बीएलओ से इस आशय का प्रमाण-पत्र लें कि उनके क्षेत्र में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले किसी भी मतदाता का नाम नामावली से छूटा नहीं है। साथ ही त्रुटि सुधार भी हो गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी स्थिति कदापि निर्मित नहीं होना चाहिए कि किसी परिवार के सदस्य अलग-अलग मतदान केन्द्रों से जुड़े हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर बीएलओ को यह पता होना चाहिए कि उनके क्षेत्र में कौन-कौन से घर आते हैं और किस परिवार के मतदाता किसान मतदान केन्द्र से जुड़े हैं।

**एंटी माफिया अभियान में तेजी लाएँ-** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एंटी माफिया अभियान को और तेज करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि एंटी माफिया अभियान के तहत जब्ती व बेदखली इत्यादि की कार्रवाई करने के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ एफआईआर भी अनिवार्यतः दर्ज कराएं।

**आवासीय पट्टे से कोई भी पात्र आवेदक वंचित न रहे-** कलेक्टर सिंह ने धारणा अधिकार अधिनियम एवं मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को अभियान बतौर आवासीय पट्टे दिए जाने के निर्देश भी सभी एसडीएम व अन्य राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने पट्टे देने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी निरीक्षण अभियान, खाद वितरण व्यवस्था, किसान सम्मान निधि व सीएम हैल्पलाइन सहित सरकार के अन्य प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई।



### राहुल गांधी ने दर्शन सिंह को याद किया तो मितेन्द्र रो पड़े

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कांग्रेस डॉ दर्शन सिंह कांग्रेस के जुझारू अध्यक्ष रहे हैं, और अंचल के वह कांग्रेस के बग्रणी नेताओं में शुमार थे, इसी कारण उन्हें देश और प्रदेश के हर अग्रणी नेता का सानिध्य मिला था। आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्व. राजीव गांधी के पुत्र राहुल गांधी ने उन्हें उनकी पुण्य तिथि पर न केवल याद किया बल्कि उनके चित्र को नमन भी किया। राहुल गांधी ने आज स्व. दर्शन सिह के युवा पुत्र व भारत जोडो यात्रा में उनके सहयोगी मितेन्द्र दर्शन सिंह से कहा कि डॉ. दर्शन सिंह के संपर्क व बलिदान को कांग्रेस पार्टी कभी भी भुला नहीं सकती है। राहुल गांधी ने अपने यात्रा सहयोगी मितेन्द्र दर्शन सिंह के कंधे पर हाथ रखा और यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने परिवार के साथ हमेशा खडी रहेगी और कहा कि मितेन्द्र में भी उनके पिता स्वॅ. दर्शन सिंह के संघर्ष व पार्टी के प्रति समर्पण की छवि मिलती है। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता मितेन्द्र दर्शन सिंह कांग्रेस के शीर्षस्थ नेता राहुल गांधी के समक्ष भावुक भी हो गये और पिता की याद में उनकी आंखों से आंसू वह निकले जिस पर राहुल गांधी ने उन्हें ढांढस भी बंधाया। ज्ञातव्य है कि मितेन्द्र दर्शन सिंह ग्वालियर-चंबल संभाग से कांग्रेस के इकलौते ऐसे युवा नेता हैं जो भारत जोडो यात्रा की शुरूआत से लगातार उनके साथ ही चल रहे हैं।

# टेकनपुर में 41वीं पुलिस घुड़सवारी चैम्पियनशिप व माउण्टेड ड्यूटी मीट के समापन



स्पर्धा के समापन अवसर पर सर्वप्रथम अकादमी निदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन व स्वागत किया। स्पर्धा में स्वागत भाषण निदेशक सोनाली मिश्रा ने दिया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सभी खिलाडड़िों ने उच्च स्तर का प्रदर्शन, अनुशासन, संयम एवं खेल भावना का उदाहरण देकर सही मायनों में इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि ज्यूरी के सदस्यों का विशेष रूप से अभिवादन किया और कहा कि ज्यूरी के सहयोग से इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपादित किया गया हैं । उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने इस बार घुडसवारी स्पर्धा को बढावा देने के लिए 11 शिक्षण संस्थानों के 900 से अधिक विद्यार्थियों और लगभग 16 गांव के निवासियों को भी आमंत्रित किया जिन्होंने रोमांच और साहस के इस खेल का भरपूर आनन्द उठाया और खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान हमने अपने बहादुर सीमा प्रहरी शहीद साथी घुड़सवार आरक्षक सुधीर पी. थोराठ को अभ्यास के दौरान इसी मैदान में 13 नवंबर 2022 को खोया । उनकी शहादत का सम्मान करते हुए महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के द्वारा वीर घुड़सवार शहीद सीमा प्रहरी की स्मृति में एक ट्रॉफी सुधीर पी थोराट मेमोरियल ट्राफी फोर बेस्ट टीम ड्रेसाज को अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड को सौंपने का निर्णय लिया है, जो घुड़सवारी के क्षेत्र में उनकी स्मृतियों को हमेशा जीवंत रखेगा। मुख्य अतिथि महानिदेशक जेल मध्यप्रदेश अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में सभी खिलाडड़िों एवं उनकी टीमों के द्वारा किए गए अच्छे प्रदर्शन को सराहा और आयोजकों व ज्यूरी को सफल व निष्पक्ष प्रतियोगिता आयोजित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी खिलाडड़िों ने उत्कृष्ट खेल भावना का उदाहरण पेश करते हुए इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया है । स्पर्धा में तमिलनाडु की महिला घुडसवार पी सुगंधा ने चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में 35 स्पर्धाओं में निम्न लिखित टीमों व घुड़ सवारों नेनिम्नलिखित ट्राफियां जीती। टेंट पेगिंग टीम की जोधपुर चैलेंज ट्राफी पंजाब पुलिस को, सर्वश्रेष्ठ महिला घुड़सवार कान्सटेबल सुगन्या तमिलनाडु पुलिस,माउंटेड पुलिस ड्यूटी मीट चैंपियनशिप दोरजी मेमोरियल ट्रॉफी सीमा सुरक्षा बल को, सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार की मेवाड़ चैलेंज ट्रॉफी इंस्पेक्टर सुमेर सिंह सीमा सुरक्षा बल को ,बेस्ट हॉर्स की चेतक ट्राफी हॉर्स जेनी, राजस्थान पुलिस को, रनर अप हैदराबाद ट्रॉफी सीमा सुरक्षा बल को , ओवर ऑल बेस्ट टीम की छत्रपति ट्राफी आई टी बी पी को प्रदान की गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि अपर महानिदेशक आईबी हरीनाथ मिश्रा सहित सेवानिवृत महानिदेशक एस. कृष्णमूर्ति एवं रामाकृष्णन एवं निर्णायक समिति के अन्य सम्मानित सदस्य गणों को निदेशक अकादमी सुश्री सोनाली मिश्रा, आईजी जे एस ओबेरॉय, महानिरीक्षक बीएसएफ संजय सिंह गहलोत आदि को सम्मानित किया गया। इस चैम्पियनशिप में 18 टीमेंजिनमें 4 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलए 12 राज्य पुलिस बलए 1 केंन्द्र शासित प्रदेश एवं 1 प्रशिक्षण संस्थान की टीम शामिल रहीं। असम पुलिसए असम राइफलए बिहार पुलिसए सीमा सुरक्षा बलए चंडीगढ़ पुलिस, दिल्ली पुलिस, गुजरात पुलिस, हरियाणा पुलिस, आई टी बी पी, कर्नाटक पुलिस, मध्य प्रदेश पुलिस, पंजाब पुलिस, सशस्त्र सीमा बल, उत्तर प्रदेश पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस, राजस्थान पुलिस व तमिलनाडु पुलिस के लगभग 300 घोडे और 650 से ज्यादा अश्व सवार एवं सहायकों 04महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस चैम्पियनशिप में ड्रेसाज, टेण्ट पेगिंग, शो जम्पिंग, इवेंटिंग आदि कुल 35 रोमांचक प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की गयी ।

# ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से 7 फरवरी तक लगेगा

**ग्वालियर।** ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा आयोजित श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला आयोजन वर्ष 2022-23 दिनांक 25 दिसम्बर 2022 से 7 फरवरी 2023 तक आयोजित होगा। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष ग्वालियर व्यापार मेला ओमप्रकाश सखलेचा द्वारा ग्वालियर मेले के भव्य आयोजन एवं सुचारू संचालन

### ग्वालियर व्यापार मेले के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन

के लिये विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। मेला सचिव द्वारा समितियों के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें प्रशासनिक समिति, सांस्कृतिक समिति, बाजार व्यवस्था समिति, विद्युत समिति, प्रचार-प्रसार समिति, दंगल समिति, मेला परिसर की साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था यातायात समिति, विभागीय प्रदर्शनी समिति, पुरस्कार समिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं पशु मेला आयोजन समिति शामिल हैं। प्रशासनिक समिति का गठन संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया। इसमें अपर आयुक्त ग्वालियर संभाग, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी (ईएण्डएम), खाद्य नियंत्रक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व मेला सचिव सदस्य रहेंगे। सांस्कृतिक समिति का गठन अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया। समिति में केन्द्र निर्देशक आकाशवाणी, केन्द्र निर्देशक दूरदर्शन, सहायक संचालक संस्कृति विभाग एवं प्रतिनिधि मेला सचिव को सदस्य बनाया गया है। बाजार व्यवस्था



के लिए गठित बाजार समिति में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी (मुरार), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रतिनिधि मेला सचिव को सदस्य बनाया गया है। झूलों की जाँच समिति कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी ईएण्डएम की अध्यक्षता में गठित की गई है। इसमें एसडीओपी पीडब्ल्यूडी ईएण्डएम, सहायक यंत्री मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ठाठीपुर जोन को सदस्य बनाया गया है। विद्युत समिति में संभागीय यंत्री विद्युत मंडल, कार्यपालन यंत्री विद्युत सुरक्षा, थाना प्रभारी थाना गोला का मंदिर एवं प्रतिनिधि मेला सचिव रहेंगे। प्रचार-प्रसार समिति में अपर संचालक जनसंपर्क, जनसंपर्क अधिकारी नगर निगम एवं प्रतिनिधि मेला सचिव रहेंगे। इसी प्रकार दंगल समिति में जिला खेलकूद अधिकारी थाना प्रभारी गोला का मंदिर एवं मेला सचिव प्रतिनिधि के रूप में गठित की गई है। मेले की साफ-सफाई हेतु उपायुक्त नगर निगम, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी तथा प्रतिनिधि मेला सचिव शामिल रहेंगे। पार्किंग समिति में अनुविभागीय दण्डाधिकारी ग्वालियर, उपायुक्त नगर निगम, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, थाना प्रभारी गोला का मंदिर तथा प्रतिनिधि मेला सचिव रहेंगे। ग्वालियर व्यापार मेले में लगने वाली विभागीय प्रदर्शनियों के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति में अपर संचालक जनसंपर्क, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, संयुक्त संचालक पंचायत एवं समाजसेवा, संयुक्त संचालक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा सचिव मेला प्राधिकरण के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। पुरस्कार एवं स्वागत समिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में गठित की गई है। इसमें अपर संचालक जनसंपर्क और प्रतिनिधि मेला सचिव शामिल रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिये अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा और प्रतिनिधि मेला सचिव को रखा गया है। इसी प्रकार पशु मेले के आयोजन हेतु गठित समिति में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवा एवं संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास के साथ प्रतिनिधि मेला सचिव को रखा गया है। उक्त समितियां ग्वालियर व्यापार मेले में आयोजित कार्यक्रमों की व्यवस्था के साथ ही मेले की अन्य गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु कार्य करेंगीं।

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

# शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा वीरपुर बांध: कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने किया 83 लाख रूपए लागत से होने जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमिपूजन, वीरपुर बांध सहित चार जलाशयों को नहरों से भरने की कार्ययोजना मंजूर

**ग्वालियर /** वीरपुर बांध जल्द ही शहर के प्रमुख एवं आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा। वीरपुर बांध का इस प्रकार से सौंदर्यीकरण किया जायेगा, जिससे ग्वालियर शहर के निवासियों के साथ-साथ किला एवं ग्वालियर शहर की ऐतिहासिक विरासत देखने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक भी वीरपुर बांध देखने पहुँचें। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। कुशवाह स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 83 लाख रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रहे वीरपुर बांध के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने इस अवसर पर क्षेत्रीय निवासियों को खुशखबरी सुनाते हुए कहा कि वीरपुर जलाशय, हनुमान बांध व मामा का बांध सहित चार जलाशयों को नहरों से जो?कर पानी से लबालब भरने की कार्ययोजना स्वीकृत हो चुकी है। साथ ही इसके टेण्डर भी जारी हो चुके हैं। जल्द ही इन कार्यों का भी भूमिपूजन किया जायेगा। कुशवाह ने कहा कि




वीरपुर बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। स्मार्ट सिटी के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के तहत भी वीरपुर बांध के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि मुहैया कराई जायेगी। उन्होंने कहा वीरपुर बांध क्षेत्र में वे सभी कार्य कराए जायेंगे जो एक अच्छे पर्यटन स्थल के लिये जरूरी हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि वीरपुर बांध के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से इस क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री कुशवाह ने वीरपुर बांध के सौंदर्यीकरण कार्य से संबंधित प्रजेण्टेशन को भी देखा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गीता भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**लैंडस्केपिंग, आकर्षक लाइटिंग व सेल्फी प्वॉइंट बनेंगे-** स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर ने इस अवसर पर जानकारी दी कि वीरपुर बांध क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत बांध की ऊपरी सतह पर लैंडस्केपिंग, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, सेल्फी प्वॉइंट, वाणिज्यिक कियोस्क के साथ स्मार्ट वॉशरूम, पर्यटकों को बैठने के लिये जगह तथा चार पहिया व दो पहिया वाहनों के लिये पार्किंग बनाई जायेगी। सभी कार्य पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मूर्तरूप दिए जायेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478